
दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल
4 पेज
पेज 7
ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 75 | ग्वालियर शुक्रवार, 23 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए





## न्यूज़ ट्रैक

### कर्नाटक विधानसभा ने महाराष्ट्र सीमा विवाद पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया पारित



कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद के मामले को लेकर अब एक नया मोड़ आया है. कर्नाटक विधानसभा ने इस मामले को लेकर एक सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित किया है. इसके साथ ही महाराष्ट्र के कुछ मंत्रियों के बयानों की निंदा भी की है. प्रस्ताव में कहा गया है कि अगर कोई मंत्री इस मुद्दे पर बयान देना जारी रखता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

### साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 की घोषणा, हिंदी के लिए बद्री नारायण को मिलेगा अवॉर्ड




साहित्य अकादमी ने गुरुवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 की घोषणा कर दी है. हिंदी के लिए बद्री नारायण को साहित्य अकादमी अवॉर्ड दिया जाएगा. बद्री नारायण हिंदी के एक बहुत प्रसिद्ध कवि हैं. उन्हें हिंदी कविता में अपने विशिष्ट योगदान के कारण केदार सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है.इसके अलावा अंग्रेजी के लिए अनुराधा रॉय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक को इस साल का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा. अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने इसकी जानकारी दी है. 23 भाषाओं के लिए एलान किए गए इन पुरस्कारों में सात कविता संग्रह, छह उपन्यास, दो कहानी संग्रह, दो साहित्य समालोचना, तीन नाटक और एक आत्मकथा समेत अन्य रचनाएं शामिल हैं.उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों की अनुशंसा इन भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों ने की और साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कम्बार की अध्यक्षता में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया.साहित्य अकादमी पुरस्कार एक साहित्यिक सम्मान है जिसे साहित्य अकादमी हर साल साहित्यिक कृति को पुरस्कार प्रदान करती है. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के अलावा ये राजस्थानी और अंग्रेज़ी भाषा सहित कुल 24 भाषाओं में प्रदान किया जाता है. पहली बार साहित्य अकादमी पुरस्कार साल 1955 में दिए गए थे.

**साहित्य अकादमी पुरस्कार में क्या मिलता है**-साहित्य अकादमी पुरस्कार में विजेताओं को एक लाख रुपये नकद राशि और एक ताम्रपत्र दिया जाता है. पुरस्कार की स्थापना के समय पुरस्कार राशि 5 हजार रुपये थी, जो साल 1983 में बढ़ा कर 10 हजार रुपये कर दी गई और साल 1988 में बढ़ा कर इसे 25 हजार रुपये कर दिया गया. इसके बाद साल 2001 से यह राशि 40 हजार रुपये की गई और उसके बाद साल 2003 में यह राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई थी. फिर सरकार ने साल 2009 में इस पुरस्कार की राशि को 50 हजार से ब?ाकर 1 लाख रुपये कर दिया था.

### कोरोना को लेकर पीएम मोदी की हाई लेवल बैठक खत्म, एक घंटे तक हुआ गहन मंथन



दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के घर चल रही कोरोना की इमरजेंसी बैठक खत्म हो गई है. अरविंद केजरीवाल कुछ देर में मीडिया को संबोधित करेंगे.कोविड **पर बनाए हुए हैं नजर**-पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि कोविड पर हम सबकी नजर है. हम लोग स्थिती पर नजर बनाए हुए हैं. हमने इसको लेकर बैठक भी की थी. उन्होंने कहा कि इसको लेकर उन्होंने कमिटी गठित कि जो इस मुद्दे पर निगरानी रख रही है.ङ्ख॥ह्र ने चीन से कोविड के सही आंकड़े दिन की अपील
कोरोना पर चीन की चुप्पी से दुनिया डरी है. चीन ने कोविड के आकं? जारी करना बंद कर दिया. चीन ने मौत के आकं? भी जारी करना बंद कर दिए हैं. ङ्ख॥ह्र ने चीन से कोविड के सही आंकड़े देने की अपील की. 2019 में भी चीन ने दुनिया को सही जानकारी नहीं दी थी.

**फ्रांस में मिले कोविड के 54 हजार से अधिक मरीज**-चीन के आलावा जापान, साउथ कोरिया, जर्मनी, ब्राजील, ?ांस, अमेरिका में भी नए वैरिएंट से हाहाकार मच गया है. ?ांस में बुधवार को 54 हजार 614 नए मरीज मिले. साऊथ कोरिया में बुधवार को 88 हजार 172 नए मरीज मिले.

**चीन में कोविड का कहर**-चीन में कोविड के कहर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां पर पिछले 13 दिन में शंघाई के सबसे बड़े टोंगरेन हॉस्पिटल के 4 डॉक्टरों की मौत हुई है.

**केरल ने कोविड को लेकर जारी किया अलर्ट**-केरल क स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य में कोविड-19 को लेकर अलर्ट जारी किया है. फिलहाल चिंता की कोई बात नहीं है. हम जनता से सतर्क रहने की अपील करते हैं. हमने राज्य में 100त्न टीकाकरण किया है.

# आफताब ने जमानत याचिका को वापस लिया, वकील ने कोर्ट से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** ने अपनी जमानत याचिका को वापस ले लिया है. उसने अदालत को बताया कि वह जमानत याचिका दायर नहीं करना चाहता है. वकील की ओर से अदालत में याचिका दाखिल की गई थी. इसके बाद अदालत ने कहा कि इसके लिए पहले आफताब की सहमति जरूरी है. आफताब ने वकील से बात करने के बाद याचिका को वापस ले लिया है. दिल्ली की साकेत कोर्ट में श्रद्धा के आरोपी आफताब पूनेवाला की ओर से जमानत याचिका दायर की गई थी. कोर्ट ने कहा कि इस पर आफताब की सहमति को लेकर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाए. आफताब को अदालत में पेश किया गया.बाद में उसने अदालत से कहा कि वो अपने वकील से मिलना चाहता है. इसके बाद ही जमानत याचिका दायर करने पर निर्णय लिया जाएगा. आफताब ने कोर्ट को बताया कि वह फिलहाल जमानत याचिका



दायर नहीं करना चाहता है. आफताब ने एक ईमेल की मदद से अदालत को सूचित किया था कि उसने 'वकालतनामे' पर हस्ताक्षर तो किए, लेकिन उसे इसकी जानकारी बिल्कुल नहीं थी कि उसके वकील ने जमानत याचिका दायर करने की तैयारी की है.

**याचिका को वापस लेने की इजाजत दी**-बताया जा रहा है कि आफताब और उसके वकील के बीच संवाद की कमी के कारण इस तरह का वाक्या हुआ. वकील ने इसके लिए अदालत से माफी भी मांगी है. बाद में साकेत कोर्ट ने आफताब को अपनी जमानत याचिका को वापस लेने की इजाजत दी है. गौरतलब है कि आफताब पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वॉलकर की गला दबाकर हत्या करने और उसके शरीर के 35 टुकड़े करने का आरोप है. पुलिस ने कई बार इस मामले में आफताब से पूछताछ की है. इसके लिए उसका नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया गया.

### आप सांसद राघव चडडा ने की मांग, चीन से आने वाली फ्लाइटों पर तुरंत पाबंदी लगे



**नई दिल्ली।**चीन में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है. इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि चीन से आने वाली फ्लाइटों पर तुरंत पाबंदी लगाई जाए. इस मामले में उन्होंने राज्यसभा के चेयरमैन को पत्र भी लिखा है. इसमें उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की. गौरतलब है कि चीन के ताजा हालात को देखते हुए भारत में केंद्र और राज्य की सरकारें अलर्ट मोड पर हैं. बैठकों का दौर जारी है. इस बीच लगातार मांग उठ रही है कि चीन से फ्लाइटों पर पाबंदी लगाई जाए. गौरतलब है कि बीते बुधवार को इस सबवेरिएंट के तीन मामलों का खुलासा हुआ है.

### सदन का दुरुपयोग नहीं होने देंगे : राज्यसभा अध्यक्ष



**नई दिल्ली**- राज्यसभा में गुरुवार को गरमागरम बहस के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह मंच का दुरुपयोग नहीं होने देंगे. उन्होंने कहा कि उनके मन में सभी सदस्यों के लिए बहुत सम्मान है, मैं विपक्ष के नेता से हर नोटिस को देखने का आग्रह करूंगा.उन्होंने कई बार विपक्ष के नेता से अनुरोध किया कि वे सदस्यों को अपना आसन ग्रहण करने के लिए मनाएं. चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के नियम 267 के तहत नोटिस अध्यक्ष द्वारा खारिज किए जाने के बाद हंगामा हुआ.इससे पहले सदन में विपक्ष के नेताओं ने सुबह बैठक की और चीन मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए दबाव बनाने का फैसला किया. विपक्ष का आरोप है कि सरकार कुछ छिपा रही है और बहस से भाग रही है.

## दिल्ली में कौन ज्यादा पावरफुल, मुख्यमंत्री या महापौर?




दिल्ली में नगर निगम चुनाव के बाद अब मेयर चुनने की बारी है. सीटों की संख्या के हिसाब से आम आदमी पार्टी की जीत तय मानी जा रही है, लेकिन दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी ने भी मेयर सीट पर दावा ठोक दिया है. एमसीडी में एकीकरण के बाद अब पूरे दिल्ली में सिर्फ एक मेयर होगा.एमसीडी के नियमों में बदलाव होने के बाद मेयर की शक्ति भी बढ़ा दी गई. मेयर की शक्ति बढ़ने के बाद दिल्ली के सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या मेयर का पद मेयर यानी महापौर किसी भी नगर निगम के प्रमुख को कहा जाता है. किसी एक शहर की बुनियादी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी महापौर के पास होती है. मेयर अपनी कैबिनेट यानी मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) का गठन करते हैं.एमसीडी में नियमों में बदलाव के बाद दिल्ली में 5 साल के लिए 250 पार्षद चुने जाएंगे

### रॉबर्ट वाड्रा और मां मौरीन को राजस्थान से बड़ा झटका,

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. गुरुवार (22 दिसंबर) को कोर्ट ने उनके और उनकी मां मौरीन वाड्रा के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया है. हालांकि, वाड्रा को हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया था. अब इस मामले में कोर्ट दो हफ्ते में अपना आदेश सुनाएगा. इससे आने वाले दिनों में रॉबर्ट वाड्रा सहित नौ याचिकाकर्ताओं की मुसीबतें बढ़ सकती हैं. मामला बीकानेर में जमीन की खरीद-फरोख्त में हुई कथित धोखाधड़ी का है.

## हिन्दू-मुस्लिम का जिक्र करते हुए वरुण गांधी बोले- लोगों को कुत्ते-बिल्लियों की तरह लड़ाया जा रहा है

अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर लोगों से सोच समझकर वोट करने की अपील की. उन्होंने कहा कि वो देश की राजनीति करते हैं, जिससे देश के भविष्य को लेकर काम किए जा सके. उन्हें जात-पात, हिन्दू-मुस्लिम और वोट बैंक की राजनीति पसंद नहीं है. दरअसल वरुण गांधी ने ये बात उस वक्त कही जब वो अपने संसदीय क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में निशुल्क फर्नीचर का वितरण कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आप देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में कुर्बानी देने वाले लोगों को याद करते हुए वोट करें और देश का भविष्य तय करें.वरुण गांधी ने कहा कि




इस बार हमने सांसद निधि से एक नया काम किया. हमने सारा पैसा शिक्षा के लिए देना शुरू किया. क्योंकि सांसद निधि, विधायक निधि ये सब लोग अपने वोट बचाने और बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करता है. कभी कार्यकर्ता के घर के बाहर लाइट लगा दी, कभी एक आदमी के घर के बाहर से 40 मीटर खड़ंजा लगा दिया. इससे जनता को फायदा नहीं होता. उससे दो-चार चमचों का फायदा होता है. इसलिए मुझे लगा अगले चुनाव की जगह आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचें. देश से हम जो भी फ्री में लेते है उसको सोचे, हम सब लोग देश से क्या लेते हैं, हम देश का अन्न खाते हैं, देश का पानी पीते हैं कोई पेंशन लेता है, कोई आवास लेता है,

### गर निगम के मेयर का चुनाव 6 जनवरी को, 27 दिसंबर तक नामांकन, जानें- क्या होगी वोटिंग की प्रक्रिया




**दिल्ली ।**नगर निगम के नए महापौर के चुनाव के लिए छह जनवरी को मतदान होगा और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 27 दिसंबर है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 6 जनवरी 2023 को एमसीडी की पहली बैठक बुलाने के प्रस्ताव को हाल में मंजूरी दी थी.एमसीडी ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली नगर निगम के महापौर, उप महापौर और सदन की स्थायी समिति के छह सदस्यों के पदों के लिए चुनाव 6 जनवरी को निगम की पहली बैठक के दौरान सुबह 11 बजे होंगे.'' दिल्ली नगर निगम का यह पहला सदन होगा, जिसमें 250 पार्षद शामिल होंगे. सदन की बैठक मिंटो रोड पर दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित होगी. इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ शहरी विकास और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी इस फाइल को मंजूरी दे दी थी, जिसके बाद 15 दिसंबर को उपराज्यपाल ने इस फाइल को अपनी मंजूरी दी थी.

**एमसीडी में कैसे होता है मेयर का चुनाव**-एमसीडी चुनाव होने के बाद सदन की पहली बैठक में मेयर का चुनाव संपन्न कराया जाता है, जिसमें सबसे पहले पार्टियों की ओर से अपने उम्मीदवार का नामांकन किया जाता है. इसके बाद मेयर पद को लेकर सदन में वोटिंग की जाती है. एमसीडी एक्ट के अनुसार दिल्ली मेयर पद का कार्यकाल 1 साल का होता है, जबकि पार्षदों का कार्यकाल पूर्ण रूप से 5 वर्ष का होता है. मेयर का पद 'रोटेशन' के आधार पर एक-एक साल के लिए होगा, जिसमें पहला वर्ष महिलाओं के लिए आरक्षित है, दूसरा अनारक्षित वर्ग के लिए, तीसरा आरक्षित वर्ग के लिए और शेष दो भी अनारक्षित श्रेणी में हैं.

### ओम प्रकाश राजभर की पार्टी में सपा की वजह से बवाल! वीडियो वायरल होने से मचा घमासान



यूपी की सियासत में इन दिनों ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा और पार्टी से बगावत कर अलग सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी बनाने वाले नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है. ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरुण राजभर ने हाल ही में सुभासपा से बगावत करने वाले कटप्पा यानी महेन्द्र राजभर का एक वीडियो वायरल किया और सपा के इशारे पर उनकी पार्टी को तोड़ने का आरोप लगाया. जिसे लेकर बागी नेता भी भड़क गए और उन्होंने भी अरुण राजभर से सवाल कर लिया कि पहले अपने पिता से पूछो कि वो सुबह और शाम कहां चाय पीते हैं.दरअसल, ओम प्रकाश राजभर की सुहेदेव समाज पार्टी छोड़ चुके उनके पुराने साथी महेंद्र राजभर उर्फ कटप्पा का अरुण राजभर ने एक वीडियो बनाया, जिसमें वो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के घर के पास थे. उन्होंने कई एंगल से उनका वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. इस वीडियो के जरिये अरुण राजभर ने आरोप लगाया कि महेन्द्र राजभर ने सपा के इशारे पर सुभासपा को तोड़ने के लिए सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी सपा का सहयोग कर रही है.

**अरुण राजभर ने लगाया षड्यंत्र आरोप**-ओम प्रकाश राजभर से बगावत कर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी बनाने पर अरुण राजभर ने आरोप लगाया कि सपा के इशारे पर उनकी पार्टी को खत्म करने का षडयंत्र रचा जा रहा है. अरुण राजभर ने कहा कि आज मैंने सपा के बड़े नेता उदयवीर सिंह की गाड़ी में दो बागी नेताओं को सपा कार्यालय में जाते देखा. जिससे साफ हो गया है कि ये दोनों नेता किसके इशारे पर ओम प्रकाश राजभर जी को बदनाम कर रहे थे. अगर उनका सपा से या उदयवीर सिंह से कोई लेना-देना नहीं था

### क्या सेंसर बोर्ड के पास पठान के गाने बेशर्म रंग को हटाने का अधिकार है?



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर विवाद थम नहीं रहे हैं. पठान फिल्म के गाने बेशर्म रंग को लेकर खूब बवाल मच रहा है. इन सबके बीच भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कहा कि सेंसर बोर्ड के पास फिल्म पठान से विवादास्पद बेशर्म रंग गाने को हटाने का विकल्प अब भी है. सवाल उठना लाजिमी है कि क्या सेंसर बोर्ड के पास बेशर्म रंग गाने को हटाने का अधिकार है? सेंसर बोर्ड क्या है? ये कैसे काम करता है? आइए सिलसिलेवार तरीके से जानते हैं ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब...

**सेंसर बोर्ड क्या है?**-किसी भी फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज से पहले सेंसर सर्टिफिकेट की जरूरत होती है. फिल्मों को ये सर्टिफिकेट केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से लेना होता है. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड एक वैधानिक संस्था है. जिसे आम बोलचाल की भाषा में सेंसर बोर्ड भी कहा जाता है. सिनेमेटोग्राफ एक्ट 1952 के अनुसार, ये बोर्ड फिल्मों को उनके कंटेंट के हिसाब से अलग-अलग सर्टिफिकेट देता है. सेंसर बोर्ड में अध्यक्ष और बोर्ड के 25 सदस्यों के साथ एडवाइजरी पैनल के 60 सदस्य होते हैं. इन सबकी नियुक्ति केंद्र सरकार की ओर से की जाती है.सेंसर बोर्ड सभी तरह की फिल्मों को उनके अलग-अलग कंटेंट के हिसाब से चार तरह के सर्टिफिकेट देता है. सर्टिफिकेट देने से पहले फिल्म में किसी खास वर्ग की भावनाओं को ठेस न पहुंचाने, हिंसा को सही ठहराने, जानवरों पर क्रूरता जैसे पैमानों पर सीन को देखा जाता है

## गुना जिले के श्रद्धालुओं ने की गिर्राज जी महराज की दंडवत परिक्रमा

रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे



**मधुसुदनगढ़/जामनेर-** गुना जिले के 300 लोगों द्वारा श्री गिरराज महाराज मथुरा की दंडवत परिक्रमा की जा रही है जो कि श्री श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित की गई है इसमें इंदौर कुंभराज उज्जैन जामनेर मधुसुदनगढ़ लटेरी भोपाल ब्यावरा चाचौड़ा बीनागंज गुना के दंडोती परिक्रमा करने बालों ने भाग लिया है यह परिक्रमा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है और सभी श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा कर अपनी 21 किलोमीटर की श्री गिरिराज महाराज की परिक्रमा पूरी करते हैं वर्तमान समय में ऐसे श्रद्धालुओं द्वारा इतनी कठिन परिक्रमा करने से उन्हें नई ऊर्जा का संचार होता है और वह अपने आप को बड़ा धन्य समझते हैं और इसके लिए श्री गिरराज महाराज का आशीर्वाद समझते हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दंडोती परिक्रमा करना धर्म के प्रति अपनी आस्था जताना है और सभी श्रद्धालु अपनी अपनी कामना श्री गिरिराज जी महाराज के पास लेकर जाते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है इसी विश्वास के साथ सभी लोग परिक्रमा करते हैं

# वक्त से पहले गुडबाय मत कहने दो

कल गुडबाय फिल्म देखी तो मन में बहुत सारे सवाल उठे, कि कैसे कोई एक किरदार परिवार को एकजुट रखने के लिए खुद नष्ट हो जाता है। और उसके जाने के बाद ही वो बात समझ में आती है कि वह व्यक्ति कितना जरूरी था।हर घर में एक जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा होता है जो पूरे परिवार को सहजकर रखने की हर मुमकिन कोशिश करता है। चुपचाप सबको जोड़कर रखने की जद्दोजहद करते अपनों के वाग्बाण भी सह लेता है। घर का बुज़ुर्ग परिवार में हो रही अनबन पर पर्दा ड़ालते रिश्तों को समाधान से अटूट रखना सीखाता है। घर की जिम्मेदारी खुद तक सीमित रखकर परिवार को आज़ाद गगन में उड़ने का मौका देता है। वह कोई भी हो सकता है, माता-पिता, दादा-दादी या तो घर का बड़ा बेटा या, बेटी जिनकी एकमात्र कोशिश रहती है संयुक्त परिवार को जोड़कर रखने की और इसी जद्दोजहद का बोझ कभी-कभी उसकी जान तक ले लेता है।गुडबाय फ़ल्मि की पटकथा कुछ इसी विषय को लेकर लिखी गई है। घर के सारे मेम्बर्स अपना फ़स्ट्रेशन उस एक व्यक्ति पर निकालते रहते है और वह व्यक्ति सारी परिस्थितियों का सामना करते दर्द को पीते अपने भीतर सब दफ़न कर लेता है। ज़्यादातर वो व्यक्ति हर घर की नींव समान और परिवार के स्तंभ समान माँ ही होती है। माँ दो पीढ़ी को जोड़कर रखने वाला सेतु होती है, उसे समझदार बनना पड़ता है। अगर घर में सास-ससुर है तो उनके दकियानुसी विचार से जब आजकल के बच्चों के विचार टकराते है तब बीच वाली पी?ी को न्यायधीश बनते सबकी नज़र में बुरा बनना पड़ता है। शीत युद्ध कहीं महायुद्ध न बन जाए उस परिस्थिति को संभालने में और घर के बोझिल वातावरण को खुशनुमा रखने की कोशिश में उस औरत को अपने अंदर की कश्मकश से जूझना पड़ता



है।परिवार और रिश्तेदारों के जन्मदिन, लग्न दिवस से याद रखने के साथ-साथ हर व्यवहार को याद रखना और खाने के टेबल पर पूरे परिवार को एकसाथ डिनर या लंच पर समूह भोजन के लिए राज़ी करवाने की जिम्मेदारी निभाते; खाने में किसको क्या पसंद है वह सब याद रखना एक माँ के सिवा भला कौन कर सकता हैपर जिस दिन वो व्यक्ति दुनिया छोड़कर चली जाती है तब....सच में घर में एक अंधकार और शून्यावकाश का साम्राज्य छा जाता है। कोई किसीको न समझाने वाला रहता है, न समाधान करवाने वाला रहता है। न खयाल रखने वाला होता है, न हर परिस्थिति को अपने सीने पर झेलने वाला होता है। पर एक बात तो है, जैसे हर चीज़ के दो पहलू होते है वैसे या तो उस व्यक्ति के जाने के बाद परिवार तितर-बितर हो जाता है या सारे लोग समझदार हो जाते है, यह सोचकर कि अब मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला चला गया सुधर जाते है। अगर समझ में आए तो एक व्यक्ति की मृत्यु बहुत कुछ सीखा जाती है । उस इंसान की खाली जगह कोई नहीं भर सकता, घर का एक हिस्सा हंमेशा उज़ड जाता है। एक कमी छोड़कर वह व्यक्ति अलविदा कह जाती है; पर क्या पीछे रह गए लोग उसके जाने के बाद भी उनके बारे में सोचते है? बात-बात पर उनको याद करके उस कमी को महसूस करते है? शायद कुछ दिन... आहिस्ता-आहिस्ता उस किरदार कि यादों पर धूल जम जाती है। इसलिए जीते जी उस इंसान की कद्र कर लो। कोई क्रिया मत करो उनके पीछे, बस उनके योगदान का चिंतन और मनन आपको विनम्र और समझदार बना देगा। उस व्यक्ति के जाने के बाद हर रोज़ तू तू मैं मैं करते मुँह फूलाने वाले परिवार के लोग एक दूसरे के कँधे पर सर रखकर सांत्वना दे रहे होते है। काश कि परिवार जनों की इतनी आत्मीयता मृतात्मा अपने जीते जी देख पाता, इतना बोझ लेकर अचानक अलविदा नहीं कर जाता।परिवार की धुरी को अपने परिवार की एकता और अखंडता देखने के लिए तस्वीर पर लटकना पड़े उससे पहले मकान को घर बना ड़ालिए। आपके परिवार के स्तंभ को वक्त से पहले द्दश्शस्न ड्ड4द्द कहने का मौका मत दीजिए। वक्त, वक्त पर परवाह के सरंजाम से उस सेतु की मरम्मत करते रहिए, वरना इमारत को ढ़हने से कोई नहीं बचा पाएगा।

## पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जॉन और पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अपराधों की वार्षिक समिक्षा

### कंट्रोल रूम शिवपुरी मे ली क्राइम मीटिंग

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी-**दिनांक 22.12.2022 को अति पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर झोन ग्वालियर श्री डी श्रीनिवास वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के साथ पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ वार्षिक अपराधों की समीक्षा करते हुये क्राइम मीटिंग ली एवं लंबित अपराधों के निकाल हेतु कई दिशा निर्देश दिए । क्राइम मीटिंग मे निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई ।वार्षिक अपराध समीक्षा करते हुये लंबे समय से लंबित चले आ रहे अपराध, मर्ग, गुम इंसान के निकाल एवं लंबित अपराधों के जल्द से जल्द कार्यवाही हेतु निर्देश दिये ।लंबित चालानों पर कार्यवाही करेंगे एवं जिन अपराधों मे चालान कता किया जाना है उस पर आवश्यक रुप के कार्यवाही करेंगे ।माननीय न्यायालय द्वारा प्राप्त संमस एवं वारंटों की तामीली हेतु विशेष रुप से ध्यान दिया जाना है फरार एवं स्थाई वारंटियों का पता लगाकर न्यायालय पेश करेंगे एवं ज्यादा से ज्यादा वारंट तामील कराने के निर्देश दिये ।जिले में लंबित सीएम हेल्पलाइन के निकाल हेतु एवं आवश्यक कार्यवाही के संबंध मे थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाना प्रभारी लंबित शिकायतों पर कार्यवाही करें एवं उनका संतुष्टी पूर्वक निकाल कराना सुनिश्चित करेंगे ।एसीएसटी के प्रकरणों के राहत प्रकरणों का त्वरित निकाल कर राहत प्रकरणों का निपटाम समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे अति पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महा निरीक्षक जॉन ग्वालियर व पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षैत्र मे कानून व्यवस्था को अच्छे तरीके से बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा लूट की घटनाओं का खुलासा कर लूट करने वाली गैंग को पकड़ने एवं अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने हेतु थाना प्रभारी कोलारस, थाना प्रभारी करैरा, थाना प्रभारी पोहरी, थाना प्रभारी सरसोद , थाना प्रभारी नरवर को पुरस्कृत करने की घोषणा की।इस अबसर पर अति पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महा निरीक्षक जॉन ग्वालियर श्री डी श्रीनिवास वर्मा, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, समस्त एसडीओपी महोदय, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे ।

## 23 से 26 दिसम्बर तक इन स्थानों पर बाधित रहेगी मड़ीखेड़ा जलप्रदाय सप्लाई

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी शहर में मड़ीखेड़ा से मिलने वाली पेयजल की सप्लाई 23 से 26 दिसम्बर तक आवश्यक कार्य किए जाने हेतु निर्धारित स्थानों पर बाधित रहेगी।मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि 23 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जीआरपी पाइप के स्थान पर डीआई पाइप लाइन मिलान कार्य किया जाना है। इस कारणशिवपुरीशहरकेवार्ड क्रमांक 9,10,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27,28,29,30,31,32,34,35 एवं 38 के हाउसिंग बोर्ड टंकी, फिजिकल संपवेल एवं टंकी, मोतीबाबा टंकी, स्टील टंकी, पीएसक्यू टंकी एवं संपवेल, लुधावली टंकी, अंबेडकर नगर टंकी क्षेत्र की मड़ीखेड़ा आधारित जलप्रदाय सप्लाई बाधित रहेगी। नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

### प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत लगे शिविर

## पोहरी और लुकवासा में शिविर में पहुंचे कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** अभी 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। सभी विकासखंडों में आमजनों की समस्या निराकरण के लिए शिविर लग रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्या लेकर कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। गांव में आयोजित शिविर में ही ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। गुरुवार को भी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पोहरी के ग्राम परीक्षा और लुकवासा में



कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह शिविर में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। पात्रता पर्ची राशन वितरण, पेंशन आदि के संबंध में ग्रामीणों से पूछा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने मौके पर उपस्थित एसडीएम निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में जो आवेदन आ रहे हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाए। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करते हुए स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

## रोटी और परांठे की आकृतियों से समझाया गणित को

जगदीश पाल रिपोर्टर
खनियाधाना

नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगाया गया आज गणित मेला ओर मनायी गयी गतितज्ञ रामानुजन की जयंती पिछोर के शिशु विद्या मंदिर में आज महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई जिसमे कक्षा 6 से लेकर 10 तक के भैया बहिनों ने गणित के विभिन्न मॉडल ओर रंगोली बनाई विशेष बात यह रही कि बर्तुत के आकार के लिए बहिनें पराठे ओर रोटियां बनाकर लायी ओर उन्हें मेले में रखा , छोटे छोटे भैया बहिनों ने गणित की आकृतियां जिसे गोला , बेलन , शंकु , त्रिभुज , पाई , प्ल्स माईनस आदि आकृतियां या तो मॉडल के रूप में प्रदर्शित कि या किसी न किसी खाद्य पदार्थ के रूप में बनाये जैसे त्रिभुज के रूप में समोसे को बनाकर लाया गया और बर्तुत के रूप में कचौडी को आयत के रूप



में बर्फी बनायी गयी ऐसे अनेक मॉडल बहिनों ने बनाये कई तरह की गणतिये चित्र ओर मानक बनाये गए कुल मिलाकर आज शिशु मंदिर का यह गणित मेला नगर में चर्चा का विषय बना रहा मुख्य कार्यक्रम का प्रारम्भ रामानुजन के चित्र पर दीप परजुवलित कर ओर पुष्प अर्पित कर प्रारम्भ किया गया कार्यक्रम के मुख्य बकता ड्डह्यष्ठ पिछोर सुर्दशन गुप्ता थे जिन्होंने अपने भाषण में रामानुजन के जीवन के बारे में बतलाया कि किस तरह एक छोटे से बालक ने अपने से बडी उम्र के कॉलेज की छात्रों को कोचिंग दी और अपना नाम गणित की महान विभूति के रूप में रोशन किया कार्यक्रम का संचालन कोमल सिंह दांगी ने किया और इस सारे गणित मेला की व्यवस्था गणित विषय के आचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ओर सहयोगी अजय भार्गव ने संभाली कार्यक्रम के बाद आभार व्यक्त प्राचार्य शिवकुमार तिवारी ने किया मुख्य मुख्य मॉडल स्वस्ति पाण्डेय , गुलशन जाटव , सक्षम गुप्ता , अमित गौर , सुगंधिम झा , आदि भैया बहिनों के द्वारा बनाये गए

## मुख्यमंत्री के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**ग्वालियर**-मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भू-माफिया अभियान चलाकर मध्य प्रदेश की भूमि को भूमाफिया से आजाद कराकर गरीबों के लिए घर बनवा रहे हैं तो वहीं बीजेपी के पार्षद के संरक्षण में ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 44 बाला बाई का बाजार में 70 साल पुराना हनुमान मंदिर कि और मंदिर से लगी सरकारी भूमि का भू माफियाओं द्वारा कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मंच से भले ही भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दे दें लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों का कोई भी रिएक्शन देखने को नहीं मिलता है



**वार्ड 44 के 5श्र का ध्यान नहीं या फिर मेहरबानी**-ग्वालियर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 में मंदिर और मंदिर के पास वाली जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है जबकि नियमानुसार देखा जाए तो किसी भी मकान का निर्माण करने से पहले नगर निगम से परमिशन लेनी पड़ती है लेकिन यहां तो सरकारी भूमि पर ही अवैध निर्माण किया जा रहा है इतना ही नहीं नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 के अधिकारियों का ध्यान नहीं है या फिर उनकी ही मेहरबानी से सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध मकान निर्माण किया जा रहा है

# दमोह एसडीएम को भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में सौंपा ज्ञापन

### भाजपा ने किया नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन





पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्षद विक्की गुप्ता के नेतृत्व में मोरगंज गल्ला मंडी से एकत्र होकर स्टेशन चौराहा होते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन किया। पूरे समय नगर पालिका प्रशासन होश में आओ, नपा प्रशासन तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, नगरपालिका के दलालों को जूते मारो सालों को, नगर पालिका प्रशासन मुर्दाबाद, बंद करो बंद करो भ्रष्टाचार बंद करो, के नारों से पूरा नगरपालिका परिषद गुंजायमान रहा।इसके बाद भाजपा प्रतिनिधि दल ने एसडीएम गगन बिसेन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी भैया लाल सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें उक्त विषयों पर शीघ्र सुधार की मांग की गई।भाजपा पार्षद विक्रांत विक्की गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका परिषद दमोह में जब से कांग्रेस की नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यभार संभाला है तबसे शहर का हाल बेहाल हो गया है जिधर देखो धूल दिख रही है सफाई व्यवस्था चरमरा गई है नगर पालिका कांग्रेस जनप्रतिनिधि जनता को सुचारू व्यवस्थाएं देने की अपेक्षा अपनी जेब और घर भरने में लगे हुए। मैं नगरपालिका अध्यक्ष से यह पूछना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की योजना है जिसमें प्रत्येक गरीब को पक्की छत देने की मंशा है परंतु नगर पालिका अध्यक्ष इस योजना के माध्यम से अपनी जेब और अपना घर भर रहे हैं जनता के साथ भेदभाव पूर्ण तरीके से जहां भाजपा के पार्षद है वहां 2 से 5 हितग्राहियों को ही योजना का लाभ दिया जा रहा है वही स्वयं के वार्ड में मनमानी तरीके से अपात्रों को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है निजी वाहनों में नगरपालिका के माध्यम से डीजल भरवाया जा रहा है नगर पालिका अकाउंटेंट को दबाव में रखकर पेमेंट करवाई जा रही है पार्षद विक्की गुप्ता ने कहाँ कि में अध्यक्ष से कहना चाहता हूं कि यह जनता का पैसा है आप की ससुराल से नहीं आ रहा, आवास योजना में पैसा देने में आप जिस तरह का बर्ताव कर रहे हैं उससे तो ऐसा लगता है जैसे बिन बुलाये बारातियों को दहेज देने में तकलीफ होती है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के लिए सत्ता कर्मभूमि और तपोभूमि है जबकि कांग्रेस के लोगों के लिए यह मस्ती और अपनी जेब भरने का माध्यम है हम विपक्ष में हैं इसलिए आप जो भी भ्रष्टाचार और अनियमितता कर रहे हैं उस पर हमारी पूरी नजर है। अलाव की लकड़ी में भ्रष्टाचार बिना टेंडर के, बिजली उपकरण खरीदने में भ्रष्टाचार, याद रखिएगा पूरी तैयारी है हम आप को जेल भेजेंगे। मैं पी आई सी मेंबर बैठक में केवल जनप्रतिनिधि रहेंगे उनके रिश्तेदार नहीं, अध्यक्ष ने जो खरीद-फरोख्त करके अध्यक्ष बने वह यह समझते हैं कि अध्यक्ष बन पर बनकर इसका 10 गुना कमाएंगे। यह पद सेवा का माध्यम है यहां जनता के हित की बात होती है मैं सीएमओ से भी कहना चाहता हूं कि यदि अध्यक्ष उपाध्यक्ष के घर से फाइलों पर हस्ताक्षर हो रहे हैं तो यह भी बंद कर दें नहीं तो हम विरोध के उच्च स्तर तक जाएंगे। आउट सोर्स में लगे पूर्व कर्मचारियों की पेमेंट नहीं कर रही है क्योंकि वर्तमान प्रशासन को उसमें से भी कमीशन चाहिए हमने 4 माह कुछ नहीं कहा तो अध्यक्ष ने समझ लिया कि कोई विरोध करने वाला नहीं है हम चार माह आपकी कार्यप्रणाली देख रहे थे कि आप जनता का काम कर रहे हैं तो हम आपके कदम से कदम मिलाएंगे परंतु आपने जनता के हित मैं काम ना कर दुर्व्यवहार की भावना से काम कर रहे हैं आज हम ज्ञापन और प्रदर्शन के बाद यदि बदलाव नहीं होता तो हम इससे भी अधिक आंदोलन करेंगे।भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी चेतावनी देने के लिए नगरपालिका का घेराव करने आए जनप्रतिनिधि जनप्रतिनिधि होता है उसका कोई प्रतिनिधि नहीं होता यह कौन सी बात है कि जनप्रतिनिधि आप है और आपके बेटे, पति, देवर आपका काम देख रहे हैं ऐसा नहीं चलेगा, जहां देखो अध्यक्ष पति, उपाध्यक्ष पति, सभापति पति, भैया जनप्रतिनिधि हो या पति, मैं डंके की चोट पर यह कहना चाहता हूं कि आप जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता की बात करें मेरा, नगरपालिका कर्मचारियों से भी निवेदन है कि आप किसी के भी दबाव में काम ना करें, नगर पालिका अध्यक्ष हो या मुख्य नगरपालिका अधिकारी 5 साल में यह आते हैं और चले जाते हैं परंतु आप सभी कर्मचारियों को यही पदस्थ रहना है इसलिए मेरा आपसे निवेदन है की आप नियम अनुसार जो कार्य हो वह करें, जनता के हित में जो काम हो वह करें, नगर पालिका अध्यक्ष घर में बैठकर फाइलों पर साइन करते हैं और दमोह शहर की हालत बद से बदतर होती जा रही है जल वितरण व्यवस्था चरमरा गई है मजदूरी कार्ड हो कन्यादान विवाह योजना हो या अन्य कोई योजना हो उसमें भ्रष्टाचार चरम पर है, अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सभापति यह कान खोल कर सुन ले कि यदि आप जनप्रतिनिधि हैं तो आप सामने आए अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभा पतियों का कोई प्रतिनिधि नहीं होता मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है शालीनता के साथ और संवैधानिक दायरे में हम निरंतर कड़ा विरोध करते रहेंगे।भाजपा द्वारा किए गए इस विरोध प्रदर्शन में जिला महामंत्री सतीश तिवारी, पार्षद विक्रांत विक्की गुप्ता, पार्षद गोपाल ठाकुर, पार्षद मनीष शर्मा, पार्षद विजय जैन, पार्षद रघु श्रीवास्तव, पार्षद बालकृष्ण यादव, पार्षद गणेश कशीसिया, कृष्णा तिवारी, धीरज धारू, पार्षद संजय कुशवाहा, सतीश जैन बाबा, राजेन्द्र चौरसिया, श्याम दुबे , भाजपा दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भरत यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राठौर, प्रमोद विश्वकर्मा, राकेश सिंह लोधी, राजू चौरहा, शोभित गुप्ता, राजेंद्र अहिरवार, अनुपम सोनी, दीपक मिश्रा, अर्पित सराफ, गौरव सोनी, अरुण सोनीमुस्ताक खान,सद्दाम खान,साजिद रिजवी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

# जिला चिकित्सालय भिंड में विकलांग बोर्ड का समय परिवर्तन करवाने हेतु विकलांग बल राज्य सचिव ने दिया सीएमएचओ महोदय को ज्ञापन



**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** –विकलांग बल म्प्र के राज्य सचिव शिवराज उर्फ सचिव सौरभ बघेल ने विकलांग बोर्ड का समय परिवर्तन कराने के लिए एक ज्ञापन सीएमएचओ साहब के प्रतिनिधि के रूप मै ऑफिस के बाबू अरुण शाक्य जी को दिया 7 राज्य सचिव के अनुसार दूर दराज ग्रामीण अंचल लहार आलमपुर, दबोह और मालनपुर आदि क्षेत्र के विकलांग बन्धु सर्दी के मौसम के कारण विकलांग बोर्ड के नियत समय पर उपस्थित नही हो पाते है उन सभी विकलांग साथियों का कहना है की विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने का समय परिवर्तन किया जाये अभी 11ः0 0 बजे तक फॉर्म जमा होते है उस समय को ब?ाकर दोपहर 12ः00 बजे तक कर दिया जाये 7 जब इस विषय के बारे मै राज्य सचिव सौरभ बघेल ने विकलांग बोर्ड के पदाधिकारी डॉ साहब से बात की तो उन्होंने बोर्ड का समय ब?ाने के लिए आश्वासन दिया

**ज्ञापन देने के लिए उपस्थित रहे** – ब्रजेश शाक्य जिला सचिव रिंकू, महेंद्र शर्मा अनुज कुशवाह, रजनीश प्रीती शिवराज बघेल आदि

# सरस्वती शिशु मंदिर अम्बाह में गणित बाल मेला का हुआ आयोजन

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**अम्बाह**...आज दिनांक 22 दिसंबर 2022 को महान गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अम्बाह जिला मुरैना में गणित बाल मेला आयोजित किया गया। मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष माननीय श्री रामविष्णु अवतार जी शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय समिति के सह व्यवस्थापक माननीय श्री गिरीश जी शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में रामानुजन जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।माननीय अध्यक्ष जी ने अपने आशीर्वचन में रामानुजन जी का उदाहरण देते हुए कहा कि कम संसाधन होते हुए भी मेहनत एवं लगन से शिक्षा ग्रहण की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य श्री राम मोहन जी श्रीवास्तव ने किया एवं विद्यालय की दीदी श्रीमती मधु शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बाल मेला में भैया/ बहिनों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की सुसज्जित दुकान लगाई,जिसकी आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों ने भूरि- भूरि प्रशंसा की । इस अवसर पर भैया/बहिनों के द्वारा गणित प्रदर्शनी लगाई गई तथा गणितीय आकृतियों में रंगोली बनाई गई।




# स्व विधायक बनवारी लाल की पुण्यतिथि पर फल वितरित किए



**गौरव शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**कैलारस,**. विधानसभा जौरा के पूर्व विधायक बनवारी लाल जापथाप की तृतीय पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य केंद्र कैलारस में मरीजों को फल वितरित किए गए स्वास्थ्य केंद्र कैलारस में स्व. जापथाप के पुत्र प्रदीप जापथाप द्वारा फल वितरण किए उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी केशव गोयनर राजेंद्र शुक्ला ,राजू गुप्ता ,राजकुमार सिंघल मुकेश शर्मा जापथाप , नागेश शर्मा जापथाप, पंकज गर्ग, राजकुमार यादव, संजय, हरिओम गुर्जर, दुर्गेश गुर्जर, बंटी जखौदा, कल्ला मिस्त्री, मुकेश ,डॉ मनीष शर्मा, डॉ राघवेंद्र कुशवाहा, पप्पन यादव, उदय रावत, विनोद शर्मा, विकास शर्मा, दीपू , रामअवतार, बंटी दुबे सिन्टू शर्मा, रामकुमार शर्मा, लव कुश शर्मा, सुदामा शर्मा, जग्गी पंजाबी रिन्कू पाराशर, ऋषि शर्मा, राजेश शुक्ला, पंकज शुक्ला, विजय सिंह यादव, आदि लोग सम्मिलित हुए। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में जौरा, कैलारस, तथा अंचल के विभिन्न गांवों में समर्थकों ने कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व विधायक स्व बनवारी लाल जापथाप की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की श्री जापथाप क्षेत्र के बहुत ही मिलनसार एवं अच्छे नेता थे जो क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तत्पर कार्य करते रहने के लिए आगे रहते थे।

# फैक्ट्री प्रबंधक द्वारा श्रमिकों का शोषण समय पर मजदूरी नहीं दे रहे प्रबंधक

## मालनपुर--औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में श्रमिकों को प्रतिमाह वेतन न देकर मजदूरी मांगने पर धमकी दे रहे प्रबंधक

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र में इसी तरह की घटना 21/12 /2022 से देखने को मिल रही है जिसमें मजदूरों ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ 20/12/2022शाम तक वेतन न मिलने पर कारखाना गेट पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी वेतन नहीं मिलने पर 21/12/2022से नारेबाजी करना शुरू कर दिया है अपना वेतन लेने के लिए फिर भी प्रबंधक के कानों में जूं तक नहीं रेंगी उद्योग क्षेत्र में गरीब मजदूरों का खुलेआम शोषण देखने को मिल रहा है इस बढ़ती महंगाई पर भी प्रबंधक को श्रमिकों पर तरस नहीं आता है कि एक गरीब मजदूर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सुबह घर से निकलता है अपने परिवार को खुशहाल रखने के लिए ऐसा कमा के लाए परंतु उद्योगपतियों द्वारा एवं ठेकेदारों के द्वारा पीएफ व ई एस आई का लाभ मिलना तो दूर अब तो इनकी मेहनत व मजदूरी का पैसा भी समय पर नहीं दिया जाता है जब इस संबंध में कारखाना गेट पर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी का नेतृत्व करने वाले श्रमिक राजाराम जाटव से चर्चा की तो बताया कि हम मजदूर लोग केमोसिस बेवरेज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर में 8 वर्ष से काम कर रहे हैं जहां कभी भी शासन के नियमानुसार वेतन समय पर नहीं दिया गया तत्पश्चात 10 /12/ 22 को श्रम पदाधिकारी को आवेदन दिया वेतन लेने के लिए जिस पर फैक्ट्री प्रबंधक सुधा भटनागर ने 15/ 12 /2022 को भुगतान करने का आश्वासन दिया और उसके बाद 19 /12 /2022 का वादा किया गया फिर भी 20/12/2022 तक भुगतान न करने पर श्रमिकों ने 20 तारीख को शाम तक वेतन न मिलने के कारण 21/12/ 2022 से कारखाने के गेट पर धरना प्रदर्शन नारेबाजी गेट मीटिंग करने की सूचना थाना प्रभारी विनोद विनायक कर करें एवं श्रम पदाधिकारी मालनपुर को दी जा चुकी है उसके पश्चात कारखाना गेट के सामने नारेबाजी शुरू कर दी गई है ज्ञात रहे इस फैक्ट्री में पानी पाउच ,पानी बोतल भरने का काम किया जाता है इस तरह इस उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों के साथ खुलेआम श्रम कानूनों का उल्लंघन प्रबंधक कर रहे हैं परंतु कोई वरिष्ठ अधिकारी गरीब मजदूरों की सुनने वाला कोई नहीं है मजदूरों की लड़ाई लड़ने वाली सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू ने मोर्चा संभाला है देखना है कब तक श्रमिकों का वेतन दिया जाता है गेट पर नारेबाजी करने वालों में हरगोविंद जाटव, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा श्रीलाल माहोर रामगोपाल बाल्मीक राजाराम जाटव रामगोपाल जाटव दीपक कुमार शाहरुख खान सोनू सगर सूरज शिवचरण राम अवतार आदि प्रमुख थे



***इनका कहना है**

**आपके द्वारा हमें जानकारी मिली है मैं इसको दिखाता हूं अगर मजदूरों का वेतन नहीं दिया गया तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी लेवर इंस्पेक्टर अशोक पाठक**

# अटल जी का जन्मदिन सेवा एवं स्वशासन दिवस के रूप में मनाएंगे कार्यकर्ता जैन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिण्ड** /भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की अति महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक नगर के थाना रोड स्थित सत्यनारायण थापक के आवास पर आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला मंत्री राजकुमार जैन विशेष अतिथि के रूप में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओमकार यादव वरिष्ठ नेता जयवीर पुरोहित मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़े गौरव की बात है कि हम आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जन्मदिन गोरमी मंडल के 64 बूथ केंद्रों पर मनाएंगे कार्यकर्ता अटल जी के जन्मदिन को स्वशासन एवं सेवा दिवस के रुप में मनाए एवं बूथ केंद्र पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनें ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला मंत्री राजकुमार जैन ने कहा पार्टी संगठन ने आगामी दिनों में अलग-अलग मोर्चो के जो कार्यक्रम बनाए हैं उन कार्यक्रमों को हम सब लोगों को मिलकर अच्छी तरह से आयोजित करना है जिससे आम जनता तक एक अच्छा संदेश जाए हम सब मिलकर अटल जी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए अपने आसपास अस्पताल परिसर मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाएं सेवा दिवस के रूप में मरीजों को फल वितरण करें गरीबों को मिष्ठान वितरण एवं अन्य सेवा कार्य करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी हम सब लोगों को अपने अपने बूथ केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ देखना है इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता जयवीर पुरोहित ने कहा हम सब लोगों की श्रद्धा के केंद्र है पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का जन्मदिन हम सब मिलकर ऐतिहासिक रूप से मनाएं अटल जी की यादें हम सब लोगों को एक ऊर्जा एवं प्रेरणा देती हैं बैठक का संचालन जयवीर पुरोहित ने किया एवं अंत में आभार प्रगट मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव निर्मल आर्य किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाह मंडल मंत्री शिवराज यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष प्रेम प्रताप नरवरिया राजेंद्र सिंह गुर्जर जिला कार्यकारणी सदस्य सोनू भदोरिया रवि सोनी सोनू बघेल बबलू श्रीवास्तव मोनू परमार डॉ वेद प्रकाश शर्मा रज्जन भदोरिया रणवीर परमार अरविन्द जैन राहुल कटारे पप्पू भदौरिया जहान सिंह जाटव सहित ब?ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे।



# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करे आमजन...एसपी आशुतोष बागरी

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**मुरैना...** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा ग्रामीण भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोगों से पुलिस व आमजन के बीच सामंजस्य स्थापित करने व अपराध की घटनाओं को रोकने पर सुझाव भी लिए और पुलिस की ओर से हर मदद का भरोसा दिया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए जनता का सहयोग मिले इसके लिए थानास्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। आम जनता पुलिस की आंख व कान होते है। कोई भी समस्या हो पुलिस को तुरंत सूचना दे। सभी का समाधान किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस का बेहतर समन्वय होना बेहद जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले न केवल पुलिस की तरफ से कदम उठाया गया है, अपितु आम जनता के सुझावों पर प्रभावी ढंग से अमल किया जाएगा। उस के अनुरूप कदम उठाए जाएंगे। इससे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस की तरफ सेआपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आपराधिक वारदातों पर अंकुश और समाज सुधार से संबंधित कार्यो के लिए पुलिस के लिए आमजन का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किराए पर मकान देने या नौकरी पर रखने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह जांच कर लें और पहचान बतौर पर्याप्त सबूत अपने पास रखें इससे वे स्वयं सुरक्षित रहेंगे। चोरी आदि की घटनाओं पर रोक लगेगी और आवश्यकता पड़ने पर अपराधी को पकड़ने में पुलिस मदद कर पाएगी।एसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नशा बेचने वाले ग्रामीण क्षेत्र में भी एक्टिव हो रहे है। गांवों में कहीं भी नशा बेचने व अन्य गैर कानूनी कार्य करनेवालों के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो 704911101040 पर उसके बारे में पुलिस को सूचना दें।नशा बेचने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। क्षेत्र में कहीं भी अशांति की संभावना हो तो तुरंत पुलिस को अवगत कराना चाहिए। फिर पुलिस की मदद करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चोरी की वारदात रोकने के लिए पैट्रौलिग गस्त पहरा शुरू किए जाए। इसके लिए उपायुक्त से भी बातकी जाएगी। आए लोगों ने भी अपनी शिकायत रखी। शिकायतों के निपटारे के संबंध में तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।इस अवसर पर एसडीएम अम्बाह राजीब समाधिया उप पुलिस अधीक्षक परिमाल सिह मेहरा प्रबंधक थाना जितेन्द्र नगाइच, पुरुष व महिला सदस्य उपस्थित रहे।

# भिंड जिले में मेडिकल कॉलेज की सबसे बड़ी सौगात होगी विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा संध्या राय

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

सांसद संध्या राय ने लोकसभा सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का मेडिकल कॉलेज के लिए कराया ध्यान आकर्षितदिल्ली। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद श्रीमती संध्या राय ने लोकसभा सदन में संसदीय क्षेत्र भिंड जिले के लिए मेडिकल कॉलेज को शीघ्र खुलवाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए शीघ्र स्वीकृत करने के लिए आग्रह किया कहा की भिंड जिला पिछड़ा जिला है और यहां मेडिकल कॉलेज की अति आवश्यकता है।सांसद श्रीमती राय ने लोकसभा सदन में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में 25 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं जहां छोटे-छोटे जिले हैं वहां मेडिकल कॉलेज हुए हैं भिंड जिले में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी जाए ताकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में युवाओं को डॉक्टर की उपाधि से शिक्षा के क्षेत्र से आगे बढ़ सके और अच्छे से अच्छा इलाज लोगों का करें भिंड जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग लोकसभा क्षेत्र के जनता की ओर से काफी समय से की जाती रही है।उन्होंने मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्ताव रखते हुए लोकसभा सदन में सांसद श्रीमती राय ने कहा कि भिंड और दतिया ग्वालियर से 100 किलोमीटर दूरी पर स्थित है मेडिकल कॉलेज स्थापित है लेकिन भिंड जिले में नहीं है जिले के विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है अगर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा तो विद्यार्थी यही मेडिकल एमबीबीएस की शिक्षा को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भिंड जिले की आबादी 20 से 25 लाख है और जहां मेडिकल कॉलेज भिंड जिले के लिए विशेष सौगात होगी और विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा।उन्होंने मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव रखते हुए सदन में बताया कि भिंड जिले में 5 विधानसभा है दतिया में 3 विधानसभा है जहां मेडिकल कॉलेज पूर्व से संचालित है लेकिन भिंड जिले में आज तक मेडिकल कॉलेज नहीं हुआ है मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित मेडिकल कॉलेज के लिए करा रही हूं कि लोकसभा क्षेत्र का भिंड जिला है जहां मेडिकल कॉलेज को स्वीकृत कर युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में प्रधान करें ताकि जिला विकास को गति प्रदान कर सकें।



# श्योपुर कि राजनीति के अजातशत्रु थे सरदार गुलाब सिंह

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर** – आज भारतीय जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी श्योपुर के भीष्म पितामह कह जाने वाले श्योपुर पूर्व विधायक स्व सरदार गुलाब सिंह 18 वीं पुण्यतिथि पर आज राष्ट्र भक्त युवा संगठन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करके उन्हें याद किया और उनके जीवनकाल पर प्रकाश डाला उनका सारा जीवन समाज उत्थान और सेवा को समर्पित रहा वह श्योपुर के दो बार विधायक बने और बजरंग व्यायाम शाला के अजीवन अध्यक्ष रहें उनका त्याग और समर्पण और ईमानदार उनके व्यक्तित्व में छलकती थी दो बार विधायक रहने के वावजूद भी वह श्योपुर में किरायें के मकान में रहते थे और स्कूटर से भ्रमण करते थे वर्तमान में राष्ट्र भक्त युवा संगठन हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करता है और संगठन के प्रेरणा स्त्रोत महापुरुष हैं उनकी स्मृति में संगठन उनके नाम सरदार गुलाब सिंह रमाशंकर भारद्वाज के नाम ब्लड डोनेशन संस्था चलाते जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान क्षेत्र में कार्य करते हैं इसके साथ ही संगठन के बुलावे पर सरदार गुलाब सिंह भांजे सुखदेव सिंह जो राजस्थान मांगरोल के पास बरोनी गांव के निवासी हैं और वर्तमान उसी ग्राम पंचायत से सरपंच भी है उन्होंने श्योपुर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए इस दौरान संगठन विवेक भारद्वाज,नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, पूर्व पार्षद कस्तुरबा गुर्जर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, गजेंद्र वर्मा,दिनेश साहू, के एन राठौर, जेपी शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय मंगल,संतोष ठाकुर,नित्यानंद मंगल,कमल राठौर, पिंटू शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु शर्मा सोई, अभिषेक मोर्य,आदि मौजूद थ



# पाली पंचायत समिति की साधारण सभा विधायक कुमावत व प्रधान मोहनी पुखराज पटेल की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

पाली। पंचायत राज विभाग ग्रामीण विकास योजना के तहत पाली पंचायत समिति में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें। पानी बिजली सड़क और नरेगा में हो रहें कार्यो की जानकारी दी गई । विधायक कुमावत ने पाली पंचायत समिति के कई गांवों में पानी की जबरदस्त किल्लत होने पर अधिकारियों को निर्देष दिये कि जल्द से जल्द इस व्यवस्था को सुधारे । विधायक ने कहा की जब जवाई में पूर्ण रूप से पीने का पानी दिया गया है। तो गांवों में सही समय पर सप्लाई क्यों नहीं होती । इस पर अधीक्षण अभियन्ता कानसिंह बताया की जल्द से जल्द गांवों में दौरा कर इस व्यवस्था को सुधारा जाएगा । विधायक ने साकदड़ा पैणावा डरी भांवरी इसके आस-पास की पेयजल व्यवस्था को जल्दी सुधारने की बात की । प्रधान ने विधायक व सार्वजनिक निर्माण विभाग को रूपावास से राउनगर व रूपावास से केरला डामरीकरण जल्दी से जल्दी करवाने का आग्राह किया । विधायक ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को भांगेसर से खाम्भल रोड़ जल्दी से जल्दी तैयार करने का बोला । विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब बजट पास हो गया उसके बाद भी कार्य नहीं हो रहा है । प्रधान ने बताया कि रूपावास से भांवरी रोड़ के दोनों ओर पाटरिया मरम्मत व झाड़ी कटिंग करवाई जाए । जिससे उस रोड़ पर होने वाली दुर्घटनाएं न हो । विधायक जोराराम ने किरवा से गुड़ाएन्दला में बनी सड़क की गुणवत्ता को देखते हुए नाराजगी जताई गई व ठेकेदार का पेमेन्ट रोककर कार्य को पुनः करवाने की बात की गई । पंचायत समिति सदस्य ओमकारसिंह ने पाली से खैरवा जो सड़क बन रही है उसे जल्दी से तैयार करवाने की बात की गई । विधायक जोराराम ने बताया कि माइनिंग एरिया में सड़कों की हालात खराब है तो माइनिंग का जो प्लान बनता है । उस प्लान में सड़कें मरम्मत की जाये । विधायक ने बताया कि पाली पंचायत समिति क्षेत्र में जो बिजली की कटिंग की जाती है वह रात की समय में नहीं की जाये । ऐसे में अगर बिजली की कटिंग की जाती है तो रात की बजह दिन की जाये । पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मणसिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत गुरड़ाई में कई जगह विधुत पोल क्षतिग्रस्त है । वह नये लगाये जाये । पंचायत समिति सदस्य श्री रामलाल ने बताया कि गांव में से निकले वाले हाईवे को बाईपास करवाया जाये । जिससे गांव में दुविधा होती है । प्रधान ने बताया कि रूपावास से जैतपुर जो रोड़ बन रही है । उस रोड़ पर समय पर पाईप डाले जावें । जिससे नहर से सिंचाई होने पर तकलीफ नहीं हो । प्रधान ने बताया कि पंचायत समिति पाली में जिन ग्राम पंचायतों में ने अभी तक पटटें नहीं दिये है । उन्हें जल्द से जल्द पटटे दिये जावें । प्रधान ने ग्राम पंचायत भांवरी व ग्राम पंचायत रूपावास के गांव केरला चवरड़ा राउजी ड़ाणी मूलियावास मूलाजी की ड़ाणी में रह रहें लोगों को आबादी के लिए एसडीएम पाली व तहसीलदार को जल्द से जल्द कार्यवाही करने को कहा । उप प्रधान भारती कुमावत ने कहा कि 11 केवी की लाईन टेवाली की बीच होकर गुजरती है उसके लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करें । इस मौके पर विधायक जोराराम कुमावत प्रधान पुखराज पटेल उप प्रधान भारती कुमावत उपखण्ड अधिकारी आईएएस ललित गोयल विकास अधिकारी रामनिवास सहायक अभियन्ता मोहनलाल चौधरी अधीक्षण अभियन्ता कानसिंह राणावत अधीक्षण सार्वजनिक निर्माण विभाग बिजली विभाग अधीक्षण मनीश माथूर तहसीलदर स्नेहदीप सांदू पंचायत समिति सदस्य विजय जोषी लक्ष्मणसिंह रामलाल सायरीदेवी पिस्ता कंवर मन्जू कंवर रेखा प्रजापत यषपालसिंह सरपंचगण अध्यक्ष दिलीपसिंह सरपंच कैलाष कंवर सरपंच मदनलाल सरपंच सुरे' द्म सरपंच संगीता त्रिवेदी सरपंच प्रेमकुमारी सरपंच जोगाराम सरपंच धापूदेवी मौजूद रहें ।

## सम्पादकीय

### कुछ देर से 5जी

अलग-अलग चरणों में सफल प्रयोगों के बाद भारत में पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस दूरसंचार सेवा की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी है और अपना देश संचार के नए युग में प्रवेश कर गया है। मोटे तौर पर इंटरनेट सेवा की रफ्तार कम से कम दोगुनी हो जाएगी। भारती एयरटेल ने बाजी मारते हुए दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू की है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगस्त में ही कह दिया था कि वह दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में दिवाली तक और अगले साल दिसंबर तक पूरे भारत में अपनी 5जी सेवाओं को शुरू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जाहिर है, 5जी सेवाओं का भारत में अगले साल ठीक-ठाक प्रसार हो जाएगा। अगले साल बाकी दूरसंचार कंपनियों को भी 5जी सेवा के साथ मैदान में उतरना होगा। आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बड़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है। दुनिया में 5जी की शुरुआत को चार साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन इस साल के अंत तक 5जी सेवा की पहुंच एक अरब से ज्यादा लोगों तक हो जाएगी। एक अरब 4जी यूजर्स तक पहुंचने में चार साल लग गए थे और एक अरब 3जी यूजर्स तक पहुंचने में 12 साल लगे थे। मतलब अब दुनिया में नई तकनीक का प्रसार काफी तेजी से होने लगा है। अमेरिका और यूरोप 5जी सेवा में सबसे आगे हैं। हालांकि, दक्षिण कोरिया वह देश है, जिसने सबसे पहले 5जी नेटवर्क को तैनात किया था। उम्मीद है, 2025 तक, दक्षिण कोरिया में लगभग 60 प्रतिशत मोबाइल धारक 5जी सेवा ले रहे होंगे। भारत में देरी हुई है, उसके लिए पूर्व में हुआ भ्रष्टाचार, नौकरशाही की उदासीनता और अनावश्यक मंजूरी प्रक्रियाएं जिम्मेदार हैं। अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। जब तमाम सेवाओं का ऑनलाइन होना अनिवार्य हो गया है, तब तेज नेटवर्क की अनिवार्यता निर्विवाद है। डाटा को तेजी से साझा करना, परस्पर जोड़ना और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी 5जी की सहायक भूमिका होगी। 5जी सेवाओं से स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा से लेकर कृषि और आपदा निगरानी तक सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। हम सब जानते हैं कि वर्क फ्रॉम होम को तेज इंटरनेट ने ही साकार किया है, वरना किसने सोचा था कि घर बैठकर भी दफ्तर के सारे काम हो सकते हैंड़ 4जी सेवा का कमाल हम देख चुके हैं और अब 5जी की बारी है। चलते-फिरते कहीं से भी काम आसान हो जाए, कोई ऐसी जगह शेष न रहे, जहां नेटवर्क की पहुंच न हो। अभी भी कई स्थान शहरों में ऐसे हैं, जहां कमजोर नेटवर्क की शिकायत है। कहीं कॉल में भी परेशानी होती है, तो कहीं डाटा नेटवर्क बाधित हो जाता है। 4जी के समय में 2जी की गति वाले इलाके भी हैं और दूरसंचार क्षेत्र में सेवा भी विगत महीनों में महंगी हुई है। मतलब, जरूरी है कि कोई सेवा केवल कागज पर न रहे, जमीन पर भी उतरे।

## राशिफल



मेष-धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। मन धार्मिक बना रहेगा। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार है। प्रेम और संतान की स्थिति थोड़ी बेहतर कही जाएगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से थोड़ा मध्यम समय है। हरी वस्तु का दान करें।

वृषभ-परिस्थितियां प्रतिकूल बनी हुई हैं। चोट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति सुधर चुकी है। व्यापार भी पहले से सही दिख रहा है। पीली वस्तु का दान करें।

मिथुन-स्वास्थ्य पहले से सुधर चुका है। प्रेम, संतान की स्थिति अभी भी मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय है। जीवनसाथी का पूरा-पूरा सानिध्य मिलेगा। जीवन में तरक्की करते दिख रहे हैं। भगवान विष्णु की अराधना करते रहें।

कर्क-कुछ गहरा मंथन करते दिख रहे हैं। गूढ़ ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य नरम, गरम बना रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति काफी अच्छी है। व्यापार भी आपका सही दिख रहा है। लाल वस्तु पास रखें।

सिंह-भावुक मन किसी से झगड़ा कर सकता है। वो कोई और नहीं होगा अपना होगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक है। प्रेम और संतान थोड़ा मध्यम है। व्यापार अच्छा दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

कन्या-भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। रक्तचाप थोड़ा अनियमित हो सकता है। हालांकि स्वास्थ्य में सुधार शुरू हो चुका है। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार भी रुक-रुक कर चलता रहेगा। पीली वस्तु का दान करें।

तुला-पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम, संतान की स्थिति भी थोड़ी नरम है। व्यापार आपका सही चलता रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधार की ओर जा रही है। पीली वस्तु का दान करें।

वृश्चिक-वाणी के कारण अपनों में विवाद की आशंका है। निवेश के कारण धनहानि भी हो सकती है। हालांकि धन का आवक बढ़ेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान भी मध्यम से उत्तम की ओर है। व्यापार सही चलता रहेगा। पीली वस्तु पास रखें।

धनु-सितारों की तरह चमकते रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहे जाएंगे आप। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी बहुत अच्छा है। पीली वस्तु पास रखें।

मकर-मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय भी सताएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम-संतान भी मध्यम है। व्यापार थोड़ा मध्यम है। मध्यम समय का सामना करना पड़ेगा। मां काली की अराधना करते रहें।

कुंभ-आर्थिक मामले सुलझेंगे। यदि कहीं से रुपए-पैसे मांगने हों, निकालने हों, फंसे हुए हों। प्रयास करें निकल जाएंगे। यात्रा में लाभ संभव है। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम बनी रहेगी। गणेश जी की अराधना करें। हरी वस्तु पास रखें।

मीन-कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य सुधार की ओर है। प्रेम-संतान पहले से बेहतर है। व्यापार भी अच्छा दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

# क्या त्योहारी मौसम में सुधरेगा बाजार

बाजार में माल कम हो और मांग ज्यादा, तो कीमतें बड़ती हैं। मांग कम हो, तो बाजार में माल सप्लाई करने वालों का कारोबार मुश्किल में आ जाता है। कम माल बनाने पर बहुत से कारखानों के लिए लागत निकालना टेढ़ी खीर हो जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि वे माल बनाना बंद कर देते हैं या फिर कम कर देते हैं। हालात ज्यादा बिगड़े, तो यही पूरे देश में मंदी का कारण बन जाता है। मुसीबत और बड़ी हो जाती है, जब महंगाई और मंदी का खतरा एक साथ खड़ा हो जाए। इसी को 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है। 'स्टैगनेशन' यानी ठहराव और 'इंफ्लेशन' यानी महंगाई की जुगलबंदी। आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बड़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बड़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।





वर्ष 2008 में सितंबर का महीना था, जब दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक लेहमन ब्रदर्स ने दिवालिया होने का एलान किया और पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक तगड़ा झटका दिया। इसके बाद के घटनाक्रम को ही 2008 के वित्तीय संकट के रूप में जाना जाता है। इस एलान के पहले और बाद के करीब दो साल के दौरान अमेरिकी शेयर बाजार में सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बेरोजगारी दर में खतरनाक उछाल आई और वह 10 प्रतिशत पर पहुंच गई। सिर्फ अमेरिका में घरों की कीमत और लोगों के पेंशन-खातों में जमा रकम में आई गिरावट का आंकड़ा करीब 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। इसी का असर था कि दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार गश खाकर गिरते जा रहे थे। हालांकि, बाद में बाजार सुधर गए और मकानों की कीमतें भी बड़ने लगीं, लेकिन जिन लोगों की जिंदगी पटरी से उतर चुकी थी, उनकी मुसीबतें आज तक खत्म नहीं हुई हैं। चर्चित रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हिसाब जोड़ा कि दुनिया की जीडीपी को लगभग चार प्रतिशत का झटका इस आर्थिक संकट की वजह से लगा, यानी लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की चपत। भारत इस संकट से करीब-करीब अछूता रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि तमाम लालच और दबाव के बावजूद रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर वाई वी रेड्डी ने भारतीय बैंकों को एक हद से ज्यादा जोखिम उठाने का मौका ही नहीं दिया। आज की तारीख में भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और चीन जैसे देश मंदी की चपेट में जाते हुए दिख रहे हैं, तो भारत कैसे और कब तक इस खतरे से बचा रह सकता है। सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि साल 2008 के मुकाबले आज भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार दुनिया के दूसरे बाजार से काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं। रिजर्व बैंक अमेरिका और यूरोप के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल करते हुए ब्याज दरें लगातार बड़ा रहा है। दुनिया भर के बड़े शेयर बाजारों के साथ ही पिछले एक हफ्ते में भारत का शेयर बाजार लगभग 10 प्रतिशत गिर चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है। महंगाई के मोर्चे पर दावा जो भी किया जाए, मगर सच यही है कि लंबे समय से खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से ऊपर चल रही है। ऐसे में, चिंता स्वाभाविक है। खासकर यह देखते हुए कि एक के बाद एक आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं अमेरिका में गहरी और लंबी मंदी की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ब्रिटेन की नई सरकार ने करों में कटौती और बाजार से बॉन्ड खरीदने के जो एलान किए हैं, उनसे वहां हालात सुधरेंगे या और बिगड़ेंगे, यह सवाल बना हुआ है। चीन एक बड़े आर्थिक संकट के मुहाने पर है, जिसमें अब कोई शक नहीं है। हालांकि, तमाम ब्रोकरेज और रेटिंग एजेंसी यह कह चुकी हैं कि भारत के लिए खतरा उतना बड़ा व गंभीर नहीं है, बल्कि इसमें उसके लिए एक बड़ा मौका भी हो सकता है। उनका कहना है कि विकसित देशों से परे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पैसा लगाने के लिए इस वक्त भारत से बेहतर कोई जगह नहीं दिखती। फिर भी, पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से हालात बिगड़ रहे हैं, उनमें भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराते खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक ने अगले साल जीडीपी में वृद्धि का अनुमान घटा दिया है। महंगाई के मोर्चे पर भी उसे कोई राहत मिलने के आसार सिर्फ तब दिखते हैं, जब कच्चे तेल के दामों में गिरावट जारी रहे। उधर दिग्गज ब्रोकरेज सीएलएसए ने एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि भारत और दुनिया के बाजार में संबंध विच्छेद या 'डी-कपलिंग' तो दिख रही है, पर हालात नाजुक हैं। उसने तो आशंका जताई है कि भारत के शेयर बाजार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

**आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बढ़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बड़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।**

# तालिबान ने हमें फिर से शरणार्थी बना दिया

कहीं पड़ा था- तानाशाह सबसे ज्यादा स्कूलों और किताबों से डरते हैं, क्योंकि पड़े-लिखे लोग सवाल उठाना सीख जाते हैं। इसकी ताजा मिसाल अफगानिस्तान है, जहां के तालिबानी निजाम के खिलाफ वहां की तालीमयाफ्ता औरतों ने मोर्चा खोल रखा है और दुनिया के अलग-अलग खित्तों से अपने हक-हुकूक के लिए उस पर दबाव बनाए हुए हैं। इन्हीं औरतों में से एक हैं वहीदा अमीरी। उत्तरी अफगानिस्तान में एक सूबा है पंजशीर घाटी। वहीदा मूलत~ इसी घाटी से आती हैं। वहीदा ने जब होश संभाला, तालिबान अपने उरुज पर थे। तत्कालीन सोवियत सेनाएं काबुल से विदा हो चुकी थीं और कट्टरपंथी तालिबान का शिकंजा उसके गोशे-गोशे पर कसता जा रहा था। खासकर लड़कियों और औरतों के लिए मुश्किलें बड़ चुकी थीं। वह साल 1996 था। वहीदा ने तब स्कूल जाना शुरू ही किया था। एक दिन नए निजाम का फरमान आ गया- लड़कियों के तमाम स्कूल बंद किए जाते हैं। वहीदा तब यह समझ ही नहीं पाई कि आखिर लड़कियों को क्यों नहीं स्कूल जाना चाहिएड़ तालिबानी लड़ाकों की बड़ती ज्यादतियों को देखते हुए वहीदा का पूरा कुनबा काबुल से भागकर पंजशीर घाटी के पुश्तैनी घर में चला गया, मगर उनके वालिद ने काबुल में ही रहने का फैसला किया। वे बेहद कठिन दिन थे। ऐसा महसूस होता, जैसे वक्त ने अफगानी लड़कियों की जिंदगी से बचपन के सारे हर्फ मिटा दिए हैं। तालिबान ने जो आजादी उन सबसे छीनी थी, उसके गम को अम्मी के अचानक इंतकाल ने वहीदा के लिए और बोझिल बना दिया। माएं बेटियों के सारे गम जो बांट लिया करती हैं।

इसके बाद के साल तो किसी अजाब से कम न थे। पिता ने दूसरी शादी कर ली थी और वहीदा का परिवार मुल्क छोड़ किसी तरह पाकिस्तान भाग आया था। अब तो घर के सारे कामकाज वहीदा के कंधों पर आ गए थे। खाना पकाने, कपड़े धोने से लेकर घर की साफ-सफाई में उनकी सुबह-शाम गर्क होने लगी थी। वहीदा किसी से क्या शिकायत करतीं, शरणार्थी अफगान बच्चियों की जिंदगी इससे जुदा न थी। उन्होंने सब्र कर लिया था कि जीवन आगे भी यही सब करते बीतना है। एक दिन वहीदा ने टेलीविजन पर दो गगनचुंबी इमारतों से विमानों के टकराने और उनके जमींदोज होने का मंजर देखा। 11 सितंबर को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए उस हमले से पूरी दुनिया सिहर उठी थी। जो हो गया था, और जो अब होने वाला था, उसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। तब वहीदा को भी कहां इलहाम था कि इस एक वाकये से आम अफगानियों की जिंदगी में क्या कुछ बदलने जा रहा हैड़ अमेरिकी हमलों में तालिबान के पस्त होने के बाद भी वहीदा का परिवार वतन वापसी से पहले पूरी तरह मुत्मइन हुआ कि कहीं फिर से शरणार्थी बनने की नौबत तो नहीं आएगी। वहीदा जब काबुल लौटीं, तब



उनकी उम्र 15 साल हो चली थी। काबुल की फिजाओं में बदलाव की खुनक साफ-साफ महसूस की जा सकती थी। बच्चियों के कंधों पर बस्ते लौट आए थे, औरतें नौकरी पर जा सकती थीं। लेकिन वहीदा के लिए बहुत कुछ नहीं बदला था, क्योंकि उनके परिवार को लगता कि किताबी इल्म से ज्यादा घरदारी में सुघड़ होना अब उनके लिए ज्यादा जरूरी है। करीब पांच साल बाद, यानी उम्र के 20वें पड़ाव पर रिश्ते के एक भाई ने पड़ाई के प्रति वहीदा की ललक देख उनका दाखिला स्कूल में करा दिया। यह सफर आसान न था। एक तरफ, घर की जिम्मेदारियां थीं और दूसरी ओर, इम्तिहानों का भारी दबाव। वह फेल हो-होकर पड़ती, पास होती गई और फिर उनकी जिंदगी में एक चमत्कारिक मोड़ आया, जब कानून में ग्रेजुएशन की पड़ाई के लिए यूनिवर्सिटी ने उनकी दरख्वास्त कबूल कर ली। कहां एक सीधी-सादी घरेलू लड़की और कहां बेबाकी व बहादुरी भरे पेशेवर विषय का चुनाव! मगर अ रूम ऑफ वन्स ओन के जरिये वर्जीनिया वूल्फ से मुलाकात ने वहीदा के भीतर एक मजबूत औरत को तराश दिया। इसके बाद तो उन्हें जैसे पड़ने की लत लग गई। किताबों की दुनिया ने उन्हें साहसी बना दिया। साहस के इस मंत्र को दूसरी अफगानी औरतों में बांटने के इरादे से कानून में स्नातक वहीदा ने काबुल के मध्यवर्ती इलाके में एक पुस्तकालय शुरू किया था, जहां बड़ी संख्या में लोग आने लगे थे। करीब पांच हजार किताबों वाले इस पुस्तकालय में लड़कियों की आमद से उन्हें बहुत सुकून मिलता था। लेकिन पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान फिर सत्ता में आ गए। 'दोहा करार' में किए गए वादे के उलट वे औरतों को नौकरी करने देने से मुकर गए और बच्चियों के स्कूल बंद करने का भी फरमान जारी कर दिया। वहीदा और हमख्याल औरतों को यह मंजूर न था। उन्होंने सड़क पर उतरकर इसका शांतिपूर्ण विरोध किया। संगीनधारी तालिबानी लड़ाकों की आंखों में आंखें डाल वहीदा ने कहा- 'हम औरतें भी इंसान हैं। हमारा भी बराबरी का हक है!' तालिबान ने डराने के लिए हवा में गोलियां दागीं, कुछ औरतों के साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद ज्यादातर प्रदर्शनकारी औरतों ने बाहर आने से मना कर दिया, पर वहीदा नहीं डरीं। वह विरोध प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। अंतत~ फरवरी 2022 में उन्हें चंद प्रदर्शनकारी ्त्ररयों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में सभी औरतों को छोड़ दिया गया, मगर वहीदा कैद में ही रहीं। रिहा करने से पहले उनसे जबरन यह बयान लिया गया कि विदेश में रह रहे अफगानियों ने उन्हें उकसाया था और आगे से वह विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगी। बड़े भारी मन से काबुल छोड़कर वहीदा अब पाकिस्तान आ गई हैं। उन्हें मलाल है कि एक लाइब्रेरियन से वह फिर शरणार्थी बन गईं। मगर अब वह दुनिया भर के प्रभावशाली मंचों पर अफगानी औरतों के हक की जंग लड़ रही हैं।

# हम सब नर या नारी नहीं, नागरिक हैं

परिषद के समक्ष यह प्रस्ताव रखते हुए सर्वप्रथम मैं चाहता हूं कि मेरी इस बात को समझ लिया जाए कि यह संशोधन केवल भाषा में सुधार करने का प्रयत्न ही नहीं है। मैं स्वयं को अंग्रेजी भाषा का प्रमाणित विद्वान नहीं कहता और इस भाषा की विशेष रचना शैली के रहस्यों में तो मैं और भी कम प्रवीण हूं। मैं इस मामले को व्यावहारिक ज्ञान के दृष्टिकोण से ही देखता हूं। इस खंड में 'नागरिकों' शब्द का जिस प्रकार प्रयोग हुआ है, उस रूप में यह इतना समूह वाचक है कि मुझे भय है, इस शब्द का व्यक्तिवाचक आशय दृष्टि से लोप हो जाना अति संभव है। अत~ मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखने का प्रस्ताव रख रहा हूं, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आजीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार होगा। मेरे संशोधन से व्यक्तिवाचक आशय अधिक अच्छी तरह व्यक्त होता है। यही भाषा बाद में इसी अध्याय के एक अनुच्छेद में, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के अधिकार की चर्चा की गई है, प्रयुक्त हुई है, अत~ मैं कोई नवीन शब्द का सुझाव नहीं दे रहा हूं, जो मसविदा लेखक की शब्दावलि में स्वीकार न किया गया हो। ...इस शब्द को समूहवाचक अर्थ में लें, तो इससे अंत में सामान्य (औसत) नागरिक की समृद्धि के लिए अनिश्चित आशा ही व्यक्त होगी। औसत का नियम बहुत धोखे में डालने वाला नियम है और इससे आपको एक ऐसा संतोष सा हो जाता है, जिसका वास्तव में कोई आधार नहीं होता। मेरी यह इच्छा नहीं है कि इस वाद-विवाद को ऐसा बना दूं कि परिषद् का मनोरंजन करने की योग्यता का छिछला प्रदर्शन करने लगूं, पर मैं परिषद् को यह बताए बिना नहीं रह सकता कि एक यंत्र के समान काम करने वाले अंक-विशेषज्ञ के बुद्धि चातुर्य से औसत के नियम को कैसे बिगाड़ा जा सकता है और ऐसा परिणाम निकाला जा सकता है, जो यथार्थता के सर्वथा प्रतिकूल हो। उदाहरण के लिए, क्या मैं निवेदन करूं कि मैंने एक महिलाश्रम की कहानी सुनी है। जब महिलाश्रम के प्रबंधकों को पता चला कि आश्रम की दस ल?कियों में से एक ल?की ने स्पष्टत~ दुराचरण किया है, तो ग?ब? हुई और मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए एक अंक विशेषज्ञ बुलाया गया। उसने आश्रम की महिलाओं के विषय में प?ताल की और अपनी प्रसिद्ध रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने बताया कि आश्रम की प्रत्येक महिला 90 प्रतिशत शुद्ध है तथा दस प्रतिशत गर्भवती है। इस बयान में उन्होंने केवल औसत के नियम का इस्तेमाल किया। मैं नहीं जानता कि इसको अच्छी तरह समझा गया है या नहीं कि विशेषज्ञ इस प्रकार के परिणामों पर पहुंच सकते हैं; और क्योंकि मैं नहीं चाहता कि हमारे विधान से हम इस विशेष प्रकार की पूर्णता प्राप्त करें, अत~ मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखना चाहता हूं, जिससे इस विषय में कोई संदेह का प्रश्न ही न रहे।





मैं समान रूप से 'नर और नारी' इन शब्दों को हटा देने का जो प्रस्ताव कर रहा हूं, उसका एक कारण और है। मेरे विचार में इसमें ऐसी पर्याप्त भावना है कि पुरुष महिलाओं के आश्रयदाता हैं। कोई कारण नहीं है कि पुरुष यह सोचे कि वह महिलाओं के बराबर है, उनसे उच्चतर होना तो दूर रहा। ...मेरे ख्याल में पुरुषों का महिलाओं के आश्रयदाता होने का यह दिखावा, कि जैसे हम उन्हें कोई विशेष अधिकार प्रदान कर रहे हैं, विधान से निकाल देना चाहिए। नागरिक नागरिक है, चाहे उसकी आयु, लिंग या मत कुछ हो और यह विधान द्वारा स्वीकृत मूल सिद्धांत है, इसलिए मुझे कोई कारण दिखाई नहीं देता कि हम 'समान रूप से नर और नारी' क्यों कहें, जैसे कि हमने नर और नारियों को समान अधिकार देने की कृपा की है, विशेषत~ जबकि वे अधिकार भी निदेशक ही हैं और इनको तत्काल कार्यान्वित करना भी आवश्यक नहीं। इन कारणों से, मेरा सुझाव है कि इस संशोधन को केवल शाब्दिक संशोधन नहीं समझना चाहिए, अपितु आशय संबंधी संशोधन समझना चाहिए और मुझे विश्वास है कि जो इस विधान को परिषद् में रख रहे हैं, वे इस संशोधन को स्वीकार कर लेंगे।



## ब्रेट ली ने बताया, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड में से किसका पलड़ा रहेगा भारी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच 18 से 22 जून तक साउथैम्पटन में खेला जाएगा। कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी के फाइनल को लेकर भविष्यवाणी कर चुके हैं। इसी कड़ी में अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का नाम भी जुड़ गया है। ली का मानना है कि फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहने वाले हैं। इसके पीछे की वजह बताते हुए ली ने कहा कि कीवी टीम स्विंग गेंदबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में खेलने की आदी है और इसका फायदा उनको मिल सकता है। ली ने आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, मुझे लगता है कि दोनों टीमें एक जैसी हैं। मैं हालांकि न्यूजीलैंड के स्वदेश में इसी तरह की परिस्थितियों में खेलने के बारे में सोच रहा हूं। परिस्थितियां तेज गेंदबाजों, स्विंग गेंदबाजों के अनुकूल हो सकती है। इसलिए यहां मुझे लगता है कि कीवी टीम को फायदा हो सकता है। जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है तो दोनों टीमों के पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो स्विंग गेंदबाजी को खेल सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी और जो भी टीम अच्छी गेंदबाजी करेगी वह फाइनल में विजेता बनेगी।

### अक्षर पटेल ने बताया साउथम्पटन में

# तीन दिन क्या नहीं कर सकेगी टीम इंडिया

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम साउथम्पटन पहुंच चुकी है। भारत को इंग्लैंड दौरे पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जून से डब्ल्यूटीसी का फाइनल मैच खेलना है और इसके करीब डेढ़ महीने बाद 4 अगस्त से मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया 3 जून को साउथम्पटन पहुंची और तीन दिन तक कोई खिलाड़ी आपस में मिल नहीं सकेंगे। टीम इंडिया के स्पिनर अक्षर पटेल ने इस बात का खुलासा किया है। अक्षर पटेल ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एजिस बाउल मैदान में प्रैक्टिस करने से पहले टीम इंडिया को तीन दिन के कड़े आइसोलेशन से गुजरना होगा, जिसमें खिलाड़ियों को एक-दूसरे से भी मिलने की इजाजत नहीं होगी। भारतीय टीम रवाना होने से पहले मुंबई में 14 दिन तक आइसोलेशन में रही थी और अभी वह कम ?समय के दूसरे आइसोलेशन में है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की चार्टर्ड फ्लाइट से ट्रैवल के दौरान का एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें खिलाड़ियों से बात की गई है। अक्षर ने इस वीडियो में कहा, मैंने बहुत अच्छी नींद ली। अब हमें आइसोलेशन में रहना है। हमें बताया गया है कि तीन दिन तक एक-दूसरे से भी नहीं मिल सकते हैं, तो हम इतने दिनों तक आइसोलेशन में रहेंगे। भारत की पुरुष और महिला टीमें एक चार्टर्ड फ्लाइट से इंग्लैंड रवाना हुई। लंदन पहुंचने के बाद भारतीय टीम बस से दो घंटे का सफर करके साउथम्पटन पहुंची।भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने हैं।




### भारत बनाम इंग्लैंड

4-8 अगस्त, पहला टेस्ट मैच, ट्रेंट ब्रिज, नॉटिंघमशर
12-16 अगस्त, दूसरा टेस्ट मैच, लॉर्ड्स, लंदन
25-29 अगस्त, तीसरा टेस्ट मैच, हेडिंग्ले, लीड्स
2-6 सितंबर, चौथा टेस्ट मैच, केनिंग्टन ओवल, लंदन
10-14 सितंबर, पांचवां टेस्ट, एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर

भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल
16-19 जून, इकलौता टेस्ट मैच, काउंटी ग्राउंड, ब्रिस्टल
27 जून, पहला वनडे इंटरनेशनल, काउंटी ग्राउंड, ब्रिस्टल
30 जून, दूसरा वनडे इंटरनेशनल, द कूपर असोसिएट्स काउंटी ग्राउंड, टॉन्टन
3 जुलाई, तीसरा वनडे इंटरनेशनल, न्यू रोड, वर्सेस्टर
9 जुलाई, पहला टी20 इंटरनेशनल, काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्पटन
11 जुलाई, दूसरा टी20 इंटरनेशनल, काउंटी ग्राउंड, होव
15 जुलाई, तीसरा टी20 इंटरनेशनल, काउंटी ग्राउंड, चेल्म्सफोर्ड

## नीति आयोग ने निजीकरण के लिए प्रस्तावित बैंकों के नाम सौंपे

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने विनिवेश संबंधी सचिवों की कोर समिति को उन सरकारी बैंकों के नाम सौंप दिए हैं जिनका विनिवेश प्रक्रिया के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष में निजीकरण किया जाना है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। नीति आयोग को निजीकरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंको और एक बीमा कंपनी का नाम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में निजीकरण से जुड़ी घोषणा की गयी थी। अधिकारी ने कहा, हमने सचिवों की विनिवेश संबंधी कोर समिति को (सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम बैंकों के) नाम सौंप दिए हैं। उच्च स्तरीय समिति के दूसरे सदस्यों में आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, व्यय सचिव, कॉरपोरेट मामलों के सचिव, कानूनी मामलों के सचिव, सार्वजनकि उपक्रम सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और प्रशासनिक विभाग के सचिव शामिल हैं। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली सचिवों की कोर समिति से मंजूरी मिलने के बाद ये नाम मंजूरी के लिए पहले वैकल्पिक तंत्र (एएम) के पास और अंतिम मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के समक्ष रखे जाएंगे।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर विराट के कमेंट पर बोले भारत के पूर्व क्रिकेटर

# भारतीय कप्तान दिखाना चाहते हैं क्यों है टीम इंडिया नंबर-1 टेस्ट टीम

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली से इंग्लैंड रवाना होने से पहले जब सवाल किया गया कि क्या वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को इंग्लैंड कंडीशन्स का फायदा मिलेगा? इस पर उन्होंने तेजतर्रार अंदाज में जवाब दिया था। विराट के इस जवाब की काफी चर्चा हो रही है। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर रीतेंदर सिंह सोढ़ी की माने तो विराट का जवाब दिखाता है कि वह किस माइंडसेट के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरना चाहते हैं। विराट ने कहा था कि अगर कोई यह सोचता है कि न्यूजीलैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में कंडीशन्स का फायदा मिलेगा, उसे फ्लाइट पकड़कर वहां खेलने जाने की कोई जरूरत नहीं है। सोढ़ी ने कहा, विराट कोहली दुनिया को बस यह दिखाना चाहते हैं कि क्यों भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में नंबर-1 टीम है और क्यों उनके बारे में इतनी बातें की गई हैं। हम जिस सकारात्मकता की बात कर रहे हैं, वह रवि शास्त्री ने टीम में भरी है। इस टीम का प्रदर्शन अब बोलता है। टीम के पास अच्छे स्पिनर हैं, कुछ वर्ल्ड क्लास तेज गेंदबाज हैं और बैटिंग भी बहुत मजबूत नजर आती है।

उन्होंने आगे कहा, विराट कोहली ने जिस तरह से प्रेस कॉन्फ्रेंस में जवाब दिया, वह दिखाता है कि वह इसको लेकर कितना फोकस्ड हैं। न्यूजीलैंड को ध्यान से खेलना होगा। यह बड़ा मैच होगा, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल। जो भी टीम प्रेशर सिचुएशन का अच्छी तरह सामना करेगी, उसके जीतने के मौके ज्यादा होंगे। टीम इंडिया पूरी तैयारी के साथ खेलने उतरेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है।






## सुनील गावस्कर का प्रिडिक्शन, बताया- इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में कितने अंतर से हराएगा भारत

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ 4 अगस्त से 14 सितंबर के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेलना है और इसके करीब डेढ़ महीने बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है और तमाम दिग्गज क्रिकेटर्स इसके रिजल्ट को लेकर अपना प्रिडिक्शन भी शेयर कर रहे हैं। सुनीव गावस्कर ने भी प्रिडिक्ट किया है कि टीम इंडिया किस अंतर से इस सीरीज में इंग्लैंड को हराएगी। गावस्कर ने टेलिग्राफ से कहा, टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के करीब छह सप्ताह बाद शुरू होगी। ऐसे में टीम इंडिया पर इसके रिजल्ट का बहुत कम या फिर बिल्कुल भी असर नहीं होगा। सीरीज अगस्त-सितंबर में खेली जाएगी, तो भारत इस सीरीज को 4-0 से जीतेगा। इस साल की शुरुआत में भारत में पिच को लेकर रोने वाला इंग्लैंड हो सकता है भारत को हरी पिचें दे। गावस्कर ने कहा, हरी पिचों पर खेलना अब टीम इंडिया के लिए मुश्किल की बात नहीं रह गई है। भारतीय टीम के पास ऐसा बॉलिंग अटैक है, जो इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशानी में डाल सकता है। टीम इंडिया फिलहाल साउथम्पटन पहुंच चुकी है, जहां आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला जाना है।

# राशिद खान ने अफगानिस्तान टी20 टीम की कमान संभालने से किया इनकार

**दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान ने नेशनल टी20 टीम के कप्तान बनने से इनकार कर दिया है। राशिद ने कहा कि उन्हें लगता है कि अगर वह कप्तानी संभालेंगे, तो इससे उनके खेल पर असर पड़ सकता है। राशिद ने कहा कि टीम के लिए प्रदर्शन उनके लिए ज्यादा मायने रखता है। अफगानिस्तान ने पिछले सप्ताह अपने कप्तानों में बदलाव किए। उसने हमशमातुल्लाह शाहिदी को टेस्ट और वनडे का कप्तान नियुक्त किया। अफगानिस्तान ने हालांकि टी20 टीम के कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की है। राशिद ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, मेरा साफ नजरिया है। मैं एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर प्रदर्शन करता हूं। मैं उप-कप्तान की भूमिका में ठीक हूं और जब भी जरूरत पड़ती है कप्तान की मदद करता हूं। यह मेरे लिए बेहतर होगा कि मैं इस पद से दूर रहूं। उन्होंने कहा, मैं एक खिलाड़ी के रूप में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं और कप्तान के बजाय एक खिलाड़ी के रूप में मेरा प्रदर्शन टीम के लिए अधिक मायने रखता है। अब जबकि टी20 वर्ल्ड कप पास में है तब राशिद ने कहा कि बेहतर यही होगा कि वह उस पर ध्यान लगाएं, जिसमें वह अपना बेस्ट दे सकते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा इसमें समय भी लगता है और अभी वर्ल्ड कप सबसे महत्वपूर्ण है जो कि कुछ महीनों बाद होना है। राशिद ने कहा, मुझे लगता है कि इससे (कप्तानी से) मेरा प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है जो कि टीम के लिए अहम है। इसलिए मैं एक खिलाड़ी के रूप में खुश हूं, बोर्ड और चयनसमिति जो भी फैसला करेगी उसका पूरा साथ दूंगा।



## बंधुआ मजदूरी के शिकायतों के बाद चीन ने पश्चिमी ब्रांडों के खिलौनों, कपड़ों को असुरक्षित बताया

बीजिंग। चीन की सरकार ने पश्चिमी देशों के एचएंडएम, नाइके और ज़ारा समेत कई अन्य ब्रांड पर असुरक्षित या खराब गुणवत्ता वाले बच्चों के कपड़े और अन्य सामान आयात करने का आरोप लगाया है। विदेशी कंपनियों ने दरअसल इससे पहले मार्च में देश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में बंधुआ मजदूरी की शिकायत की थी। जिसके बाद सरकार के इस आरोपों से उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। चीन के सीमा शुल्क एजेंसी ने दरअसल इस सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर गुणवत्ता और सुरक्षा में अयोग्य पायी गई 16 कंपनियों के उत्पादों की सूची जारी की थी। जिसमे टी-शर्ट, खिलोने और टूथब्रश शामिल है। यह घोषणा विदेशी ब्रांडों के लिए एक झटका है। सरकारी मीडिया ने इन आरोपों के बाद एचएंडएम का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

### अब दाल बिगाड़ सकती है आपके खाने का स्वाद

# दलहन का उत्पादन घटने से दाम बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** कोरोना और सरसो के तेल की बढ़ी कीमतों की मार झेल रहे आम आदमी को राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। देश में दलहल का उत्पादन घटने से दाल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। भारतीय दलहन एवं अनाज संघ (आईपीजीए) के अनुसार, इस साल दाल का उत्पाद घट सकता है। कोरोना के कारण इस फसल वर्ष में दलहल फसलों की बुआई पर किसानों का जोर कम रहा है। इसके चलते देश में इस साल मसूर, चना और अन्य दालों सहित दालों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस साल अरहर के उत्पादन में करीब 10 लाख टन की कमी हो सकती है।

कृषि मंत्रालय की वेबसाइट से प्राप्त तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2020-21 के लिए अरहर का उत्पादन लगभग 7 लाख टन और उड़द के 5.20 लाख टन कम होने की उम्मीद है। इसके साथ ही खरीफ का कुल उत्पादन 2.12 मिलियन टन कम रहने की उम्मीद है। यानी देश में दाल का उत्पादन घटने वाला है। कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि यह दाल की महंगाई को और बढ़ाने का काम करेगा। आने वाले महीनों में दाल की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है अगर समय रहते कदम नहीं उठाया गया।

**सरकार को आपूर्ति बढ़ाने का सुझाव**-आईपीजीए के उपाध्यक्ष बिमल कोठारी ने कहा कि हमने सरकार को आपूर्ति बढ़ाने का सुझाव दे दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ साल से दाल को लेकर लंबी अविधि को ध्यान में रखकर कोई पॉलिसी नहीं है। उन्होंने कहा कि एसोशिएसन ने सरकार से दलहन का आयात का फ्री करने का आग्रह किया है लेकिन इस शर्त पर की आयातित दाल की न्यनूतम लैंडिंग कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक हो।

**देश में उत्पाद से अधिक खपत**-आईपीजीए के अनुसार, वित्त वर्ष 2015-16 के मध्य से देश में दलहन का उत्पादन बढ़कर 23 मिलियन टन हो गया है। हालांकि, मांग 25-26 मिलियन टन है। इस कमी को पूरा करने के लिए लगभग 2.5 मिलियन टन दलहन का आयात हर साल किया जाता है। साथ ही हमारी मांग हर साल 10 लाख टन बढ़ रही है। इस कमी को पूरा करने के लिए सिर्फ आयात पर निर्भरता करना ठीक नहीं है। देश में दलहन का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है।

**थोक और खुदारा भाव में बड़ा अंतर**-आईपीजीए के अनुसार, दाल के खुदरा कीमत और थोक/ पूर्व-मिल दरों से औसतन 50 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक का अंतर है। वर्तमान समय में जब अरहर दाल का औसत थोक मूल्य लगभग 95 रुपये प्रति किलो, उड़द दाल का 110 रुपये प्रति किलो और मूंग दाल का 92 रुपये प्रति किलो है। वहीं, खुदरा मूल्य की बात करें तो अरहर की दाल के लिए 130/- रुपये प्रति किलो, उड़द की दाल के लिए 160 रुपये प्रति किलो और मूंग की दाल के लिए 115 रुपये प्रति किलो उपभोक्ता को चुकाने पड़ रहे हैं।





## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 132 अंक लुढ़का

नई दिल्ली। शुक्रवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 संवेदी सूचकांक वाले सेंसेक्स में 132.08 अंक या या फिर 0.25त्न गिरावट के साथ 52,100.05 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 16.40 अंक या फिर 0.1त्न प्रतिशत लुढ़क गया। आज सुबह शेयर बाजार हरे निशान के ऊपर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में सबसे अधिक नेस्ले इंडिया के शेयरों में 1.90त्न की गिरावट देखी गई। एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक के शेयरों में भी गिरावट देखी गई। आज सबसे अधिक बजाज फाइनेंस के शेयर में 2.53त्न तेजी के साथ बंद हुए। निफ्टी में भी आज नेस्ले के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखी गई।

सुबह तेजी के साथ खुला था बाजार-सप्ताह का आखिरी कारोबारी दिन को शेयर बाजार हरे निशान के ऊपर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स जहां 85 अंकों या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,308.06 पर खुला। वहीं निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 16.30 अंक या 0.1 प्रतिशत की बढ़त के 15,706.65 अंकों की बढ़त के साथ खुला था। 30 संवेदी सूचकांक वाले सेंसेक्स में सुबह ओएनजीसी के शेयर सबसे अधिक 1.75त्न की तेजी देखी गई।

# कोरोना का कहर, RBI ने विकास दर का अनुमान एक प्रतिशत घटाया

**मुंबई।** ग्रामीण इलाकों में कोविड-19 का संक्रमण फैलने से चिंतित रिजर्व बैंक आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के विकास अनुमान में एक प्रतिशत की कटौती की है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आज समाप्त तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इससे पहले अप्रैल की बैठक के बाद आरबीआई ने कहा था कि 2021-22 में विकास दर 10.5 प्रतिशत रहेगी। कोविड-19 की दूसरी लहर के मद्देनजर पहली तिमाही के विकास अनुमान में बड़ी कटौती की गई है। इसे 26.2 प्रतिशत से घटाकर 18.5 प्रतिशत कर दिया गया है। जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही का जीडीपी विकास अनुमान भी 8.3 प्रतिशत से घटाकर 7.9 प्रतिशत किया गया है। बयान में कहा गया है ग्रामीण मांग मजबूत बनी हुई है और सामान्य मानसून के पूर्वानुमान से इसके मजबूत बने रहने के संकेत मिलते हैं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में कोविड-19 का संक्रमण फैलने से विकास दर में गिरावट की आशंका है। टीकाकरण तेज होने के साथ आर्थिक गतिविधियों के सामान्य होने की उम्मीद में तीसरी और चौथी तिमाही के अनुमानों में वृद्धि की गई है। तीसरी तिमाही के लिए विकास दर का अनुमान 5.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 5.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत किया गया है। केंद्रीय बैंक ने उम्मीद जताई है कि आने वाले महीनों में टीकाकरण तेज होगा जिससे आर्थिक गतिविधियां जल्दी सामान्य होंगी। वैश्विक स्तर पर आर्थिक मजबूती से नियार्त को गति मिलेगी।




# तेल की कीमतों में आग, आंध्र प्रदेश तेलंगाना और लेह में पेट्रोल 100 के पार

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद लेह, आंध्र प्रदेश के लगभग सभी जिलों तथा तेलंगाना के कुछ हिस्सों में पेट्रोल के दाम 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गए हैं। वाहन ईंधन कीमतों में शुक्रवार को फिर बढ़ोतरी हुई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल के दाम 27 पैसे प्रति लीटर और डीजल के 28 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। पिछले एक महीने में वाहन ईंधन कीमतों में 18 बार बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में पेट्रोल 94.76 रुपये प्रति लीटर के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वहीं डीजल 85.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। स्थानीय करों मसलन मूल्य वर्धित कर (वैट) तथा ढुलाई भाड़े की वजह से विभिन्न राज्यों में ईंधन के दाम भिन्न-भिन्न होते हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के सभी जिलों में अब पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। इन राज्यों द्वारा ईंधन पर देश में सबसे ऊंचा वैट लगाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से पेट्रोलियम पदार्थो के दाम बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दो साल में पहली बार ब्रेंट कच्चे तेल का दाम 71 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचा है। कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और लेह में भी पेट्रोल के दाम 100 रुपये प्रति लीटर को पार कर गए हैं। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम को छोड़कर सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। विशाखापत्तनम में इसका दाम 99.75 रुपये प्रति लीटर है। वहीं विशाखापत्तनम में डीजल 94.08 रुपये प्रति लीटर है। तेलंगाना के अदिलाबाद (100.57 रुपये) और निजामाबाद (100.17 रुपये) में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गया है। लेह में पेट्रोल 100.43 रुपये प्रति लीटर है। देश में राजस्थान पेट्रोल और डीजल पर सबसे अधिक वैट लगाता है। उसके बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का नंबर आता है। मुंबई देश का पहला महानगर है जहां 29 मई को पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के ऊपर पहुंचा था। मुंबई में इस समय पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.99 रुपये प्रति लीटर है।

### इंग्लैंड, वेस्टइंडीज दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

# पूर्व क्रिकेटर मोईन खान के बेटे आजम खान को मिली जगह

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम का ऐलान कर दिया गया है। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मोईन खान के बेटे आजम खान को टी-20 टीम में शामिल किया गया है। वहीं, इमाद वसीम की टी-20 और हारिस सोहेल की वनडे टीम में वापसी हुई है। सिलेक्टों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए यासिर शाह पर एक बार फिर भरोसा जताया है और उनको टीम में जगह दी है। हालांकि, उनका सिलेक्शन फिटनेस टेस्ट पर निर्भर करेगा।

तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास और नसीम शाह की भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। जिम्बाब्वे में खेले गए हालिया दो टेस्ट मैचों में अब्बास और नसीम को नजरअंदाज किया गया था। टी-20 टीम में आजम का नाम चौकाने वाला है क्योंकि उन्होंने अभी तक फर्स्ट क्लास का सिर्फ एक मैच खेला है। उन्होंने हालांकि 36 टी-20 मैच खेले हैं और उनकी छवि बड़े शॉट लगाने वाले बल्लेबाज की है। वह पाकिस्तान सुपर लीग और श्रीलंका प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी लेग स्पिनर यासिर शाह को भी दो टेस्ट मैचों की टीम में रखा है, लेकिन उनका अंतिम चयन फिटनेस टेस्ट पास करने पर होगा। घुटने की चोट के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी उनकी अनदेखी की गई थी। पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड दौरे पर आठ से 20 जुलाई के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टेस्ट टीमः बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (उप-कप्तान, विकेटकीपर), अब्दुल्ला शफीक, आबिद अली, अजहर अली, फहीम अशरफ, फवाद आलम, हारिस रऊफ, हसन अली, इमरान बट, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, नौमान अली, साजिद खान, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, यासिर शाह (फिटनेस पर निर्भर), जाहिद महमूद। वनडे टीमः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फहीम अशरफ, फखर जमां, हैदर अली, हारिस रउफ, हारिस सोहेल, हसन अली, इमाम-उल-हक, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान अली अगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान कादिर।

टी-20 इंटरनेशनल टीमः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अरशद इकबाल, फहीम अशरफ, फखर जमां, हैदर अली, हारिस रऊफ, हसन अली, इमाद वसीम, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), शाहीन शाह अफरीदी, शरजील खान, उस्मान कादिर।



## इंटरनेशनल पनोरमा फिल्म फेस्टिवल के समापन में बाल कलाकारों को पुरस्कार प्रदान




**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू-** फिल्म होलिक फाउंडेशन द्वारा कोंडप्पा बसप्पा ऑडिटोरियम बेंगलुरु में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल पनोरमा फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में अंगई अली अक्षरा चिल्ड्रन मूवी को उत्तम शैक्षणिक बाल सिनेमा का निर्देशक सिद्धराजू, बाल कलाकार धनुष राज, नवनीत को पुरस्कार प्रदान करते हुए आदित्य ,अभिनेत्री नीतू ,एवं अन्य इस फिल्म में महेंद्र मुणोत ने शिक्षा मंत्री के किरदार को निभाया ।

# गढ़कुंडार महाराज खेत सिंह खंगार की जयंती 27 तारीख को धूमधाम से मनाई जाएगी गढ़कुंडार में राजेंद्र सिंह परिहार

यहां स्थित प्रसिद्ध दुर्ग गढ़ के नाम पर पड़ा मध्य प्रदेश राज्य के उत्तर में निवाड़ी जिले में स्थित एक उच्च पहाड़ी चोटी पर स्थित है यह किला उस काल की रक्षार्थ किए गए संघर्षो के बलिदान त्याग राष्ट्र धर्म से संबंधित संस्कृति और परंपराओं से परिपूर्ण खंगार क्षत्रिय महाराजाओं की कर्म स्थली रहा सन 1182 ईस्वी में खंगार राज्य के अधिष्ठाता एवं हिंदुत्व की सजग प्रहरी खेत सिंह खंगार ने विदेशी आक्रमणकारियों मुगलों के विरुद्ध देश धर्म की रक्षार्थ अनेकों आदर्श परंपराओं का प्रचलन किया था जो आज भी जनमानस में पटल पर इस भूभाग में खंगार शासनकाल के ज्योति खंड के वर्तमान के बुंदेलखंड में त्योहारों के रूप में विद्यमान है इस अवेद दुर्ग में महाराजा खेत सिंह खंगार के वंशजों ने 165 वर्ष वर्तमान बुंदेलखंड यानी ज्योति खंड पर शासन किया राजधानी गढ़कुंडार रही 1347 ईस्वी में बादशाह मोहम्मद बिन तुगलक ने गढ़कुंडार राज्य के अंतिम खंगार राजा मानसिंह से राजकुमारी के सर्दे का डोला देने का संदेश भेजा यह कहा कि अपनी रूपवती बेटी के सर्दे का डोला दो नहीं तो भीषण युद्ध के लिए तैयार रहो खंगार राजा मानसिंह ने तुगलक से अपने स्वाभिमान और क्षत्रिय के मान सम्मान की रक्षा की खातिर बलिदान दिया और राजकुमारी केसर के



नेतृत्व में हजारों माताओं बहनों के साथ सत्य की रक्षार्थ जौहर प्रथा परंपरा का पालन किया जो देश का प्रथम जोहर था वर्तमान में गढ़ कुंडार महोत्सव के जनक स्वर्गीय श्री उदय सिंह पिंडारी जी के अथक प्रयासों से मध्यप्रदेश शासन द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय भव्य गढ़ कुंडार महोत्सव एवं मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति परंपराओं से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं हजारों की संख्या में देश के कोने कोने से प्रकृति प्रेमी लोग सैलानियों का जमावड़ा लगा रहता है गढ़कुंडार हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है प्राकृतिक वातावरण मनोरम चारों ओर हरियाली से वातावरण अद्भुत स्वच्छ सुंदर दिखाई देता है वर्ष भर पर्यटक आते जाते रहते हैंगढ़कुंडार कैसे पहुंचे पहुंचने के लिए वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के रेलवे स्टेशन से महज 70 किलोमीटर दूरी बस या निजी वाहन से तथा ओरछा से 50 द्वंद की दूरी पर बना गढ़कुंडार गांव तक पहुंचने के लिए आसान मार्ग उपलब्ध है यह झांसी के दक्षिण पश्चिम भाग में स्थित है मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक किलो में से एक रहस्यमय सुंदर शिल्पकार शिल्प कला का नमूना है पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही शानदार जगह है

## धर्म रक्षा संघ मातृशक्ति के तत्वावधान में निगम के चुनावों से पूर्व मथुरा वृंदावन की समस्याओं पर चचा



एक सेमिनार का आयोजन अखंड दया धाम परिक्रमा मार्ग वृंदावन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा.तपस्या शर्मा ने ठाकुर श्री बांकेबिहारी जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।धर्म रक्षा संघ की मथुरा नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनीता उपाध्याय ने सेमिनार में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में वही प्रतिनिधि निगम में चुनकर जाएं जो जनता की समस्याओं का समाधान कर सकें। धर्म रक्षा संघ मातृशक्ति की जिला महामंत्री श्रीमती विष्णुप्रिया चौधरी ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए स्थानीय समस्याओं से सभी को अवगत कराया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्म रक्षा संघ मातृशक्ति की जिलाअध्यक्ष श्रीमती नीलम गोस्वामी ने कहा कि इस बार मथुरा वृन्दावन नगर निगम में मेयर की सीट एक महिला के लिए आरक्षित हुई है जो कि सभी महिलाओं के लिए हर्ष का विषय है, आज की सेमिनार में धर्म रक्षा संघ मातृशक्ति की ओर से वृन्दावन मथुरा की जिन समस्याओं पर विचार किया गया उन्हे

# स्कूलों में खाना बनाने वालों को नहीं मिल रही मनरेगा जितनी मजदूरी, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** एक तरफ मध्य प्रदेश भाजपा सरकार पंच से लेकर सरपंच जिला पंचायत अध्यक्ष पार्षद से लेकर महापौर तक के मानदेय में 2 गुणा वृद्धि कर दी है तो वहीं दूसरी ओर शासकीय प्राथमिक स्कूलों में भोजन बनाने वाली कार्यकर्ताओं को मात्र ?2000 प्रतिमाह दिए जाते हैं जो मनरेगा मजदूर की मजदूरी प्रतिदिन ?229 है उससे बहुत कम है जो मानदेय मिलता है वह भी 2 से 4 महीने बाद प्राप्त होता है सुरसा की तरह बढ़ती महंगाई में स्वयं का भरण पोषण करना भी कठिन हो जाता है अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला महासचिव शोभा माहौर एवं सेंटर ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उप जिलाधीश पराग जैन को ज्ञापन दिया गया उक्त जानकारी सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी महिला एवं सीटू दोनों नेताओ ने आगे बताया कि शासकीय प्राथमिक स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों को खाना बनाकर खिलाने वाली मिड डे मील कार्यकर्ताओं का न तो कोई हाजिरी रजिस्टर है और ना ही उन्हें अवकाश की सुविधा नहीं मिलती महिला मातृत्व का अवकाश भी इन्हें नहीं दिया जाता है मानदेय इतना कम है के 2 लोगों का परिवार भी 2सुबह शाम के भोजन के लिए तरसता रहता है या पराधीन रहता है आज ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रकाशवती विमला नामदेव रामा बाई बघेल शशि शीला जाटव रामकली बघेल इंदिराबाई माहौर राजकुमारी परिहार गायत्री राम श्री भदौरिया विमला सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे दोनों नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है एक तरफ हम स्कूलों में खाना बनाते हैं तो शासन की नजरों में रोजगार सुदा हैं लेकिन वह मेहनताना न्यूनतम ?11000 प्रतिमा किया जाए या फिर बीपीएल का कार्ड बनाकर बीपीएल कार्ड की सुविधाएं प्रदान की जाएं तमाम मिड डे मील कार्यकर्ताओं पर स्वयं का आवास नही है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी इन्हें दिलाया जाए ।



# अब जनसामान्य के लिए भी योग कक्षाएं चलाएगा शिक्षा विभाग

### ग्वालियर जिले के चार विकासखंडों में प्रशिक्षण देंगे योग प्रभारी



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** स्वस्थ भारत का सपना तभी पूरा होगा जब योग प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल होगा। प्रत्येक घर तक तक योग पहुंचे और इसका फायदा लोगों को मिले इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा ग्वालियर जिले के चार विकासखंडो में जनसामान्य हेतु निशुल्क योग कक्षाएं संचालित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने बताया कि योग को जन जन तक पहुंचाने के दृष्टि से मध्यप्रदेश में योग आयोग का गठन किया गया है और मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप ग्वालियर जिले के मुरार शहर, मुरार ग्रामीण, डबरा और भितरवार विकासखंड में जिला योग प्रशिक्षण केंद्र द्वारा जनसामान्य के लिए योग कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर ने बताया कि मुरार शहर में शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर में श्रीकांत मिश्रा, उत्कृष्ट डबरा में श्री जयदयाल शर्मा, उत्कृष्ट भितरवार में अश्विनी यादव तथा हाईस्कूल बरेठा में शिवकांत कटारा द्वारा इन कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। श्री चाकणकर ने बताया कि 12जनवरी युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को ध्यान रखते हुए अभी सूर्यनमस्कार के साथ साथ आवश्यक आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जायेगा।

### विधायक हिना कावरे के प्रयासों से सड़कों की मिली सौगात

# करोड़ों की लागत से लांजी– सालेटेकरी एवं दुर्ग मार्ग का होगा रिन्यूअल वर्क

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी। विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा क्षेत्र में सड़कों के विकास एवं पुल-पुलियाओं के निमार्ण के लिए सतत प्रयास जारी है। इसी के चलते क्षेत्र में अनेक सड़कों एवं पुलियाओं का निर्माण कर ग्रामीणों को सौगात दी है जिसके चलते आवागमन एवं परिवहन की सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। बता दे कि विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा ग्रामीण अंचलों की सड़कों के निर्माण के लिए मांगे रखी गई थी। इन मांगों पर शासन द्वारा द्वितीय अनुपूरक बजट में दहेगांव- देवलगांव 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए दो करोड़ 70 लाख रुपए एवं कलपाथरी- पाथरगांव- अमेड़ा सड़क मार्ग जोकि महादेव पहाड़ी के समीप इसके 1 किलोमीटर निर्माण के लिए 1करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। बता दें कि देवलगांव के ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दहेगांव- देवलगांव मार्ग एवं पाथरगांव के ग्रामीणों ने पहाड़ी के समीप मार्ग निर्माण की मांग विधायक हिना कावरे के समक्ष रखी थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक द्वारा इस तरह मार्ग निर्माण के स्वीकृति दिलाने के लिए ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

**करोड़ों की लागत से मार्गों को मिलेगा नया रूप-** यह भी बता दे कि विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा लांजी दुर्ग एवं लांजी सालेटेकरी मार्ग के जीर्णोद्धार के लिए मांगे रखी गई थी जिस पर अनुपूरक बजट में मांग संख्या 24-5054-04-337-4557-0101-64-002 सुदृढ़ीकरण के आधार पर लांजी सालेटेकरी 30 किलोमीटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 6 करोड रुपए एवं लांजी दुर्ग मार्ग में 28.40 किलोमीटर मार्ग सुदृढ़ीकरण के लिए 5.68 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई है। इस तरह सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य से मार्गों को नया रूप मिलेगा एवं अंतरराज्यीय



आवागमन में लोगों को सुविधाएं मिलेगी। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक सुश्री हिना कावरे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**जन भावनाओं का किया सम्मान - संजीत ठाकरे, ग्रामीण देवलगांव-** दहेगांव- देवलगांव मार्ग की हालत जर्जर हो गई है अनेकों बार शासन-प्रशासन का ध्यानआकृष्ट कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। ग्राम की मंडई के अवसर पर विधायक सुश्री हिना कावरे को उनके प्रतिनिधि के माध्यम से अवगत कराया गया था। इस समस्या पर गौर करते हुए मार्ग निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराकर जन भावनाओं का सम्मान किया गया है। इसलिए हम ग्रामवासी विधायक सुश्री हिना कावरे के प्रति आभार व्यक्त करते हैं एवं उम्मीद करते हैं कि मार्ग का निर्माण जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा।

सरकार किसी की भी हो, काम कराने का संकल्प हो तो कुछ भी किया जा सकता है - अवसरे जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि लांजी विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे जी ने वर्तमान विधानसभा सत्र के बजट में क्षेत्र के ग्राम देवलगांव से दहेगांव, कलपाथरी से बाजार चौक तक साथ ही और दो अन्य सड़कें जो बजट में पास करवाई है यह लांजी क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। विगत दिनों देवलगांव में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक महोदया से उक्त सड़क को बनवाने की मांग की थी जिसके तहत विधायक महोदया द्वारा उन्हें पूर्ण आश्वासन दिलाया गया था की वर्तमान बजट में देवलगांव सड़क की स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। आज क्षेत्र के लिए बहुत ही खुशी की बात है सुश्री हिना कावरे जी द्वारा बजट में चार महत्वपूर्ण सड़कें पास करा कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि सरकार चाहे किसी की भी हो अगर काम कराने का संकल्प हो तो किसी भी तरह कराया जा सकता है।

### ग्वालियर पुलिस का जागरूकता अभियान

# गजराराजे मेडीकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के लिए किया जागरूक

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर महिला हिंसा उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा भी जिले के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिये जागरूक किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया द्वारा आज दिनांक 22.12.2022 को गजराराजे मेडीकल कॉलेज ग्वालियर के छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मेडीकल कॉलेज के लगभग 500 छात्र-छात्राएं व कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) ने आज गजराराजे मेडीकल कॉलेज ग्वालियर के छात्र-छात्राओं को समाज में महिलाओं के विरूद्ध हो रही विभिन्न प्रकार की हिंसा व भेदभाव के संबंध में अवगत कराते हुए इसके उन्मूलन हेतु म0प्र0 पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उनके द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार आवश्यकता होने पर इनका उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा तैयार कराये गये आपात एप के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) ने कहा कि छात्राओं पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करना, बातचीत करने के लिए दबाब डालना या छेडाछाड होने पर तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचित करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के संबंध में भी जानकारी दी गई और ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचा जाए इसके संबंध में भी छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष आने वाली सायबर क्राईम संबंधी शिकायतों को भी साझा किया। उनके द्वारा उपस्थित मेडीकल कॉलेज के स्टूडेंट को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया गया और बताया गया कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी अंजान वीडियो कॉल या मैसेज लिंक को खोलकर न देखे। उन्होने कहा कि किसी भी लाटरी निकलने या फ्री गिफ्ट के चक्कर में नही प?ना चाहिए जैसे- कौन बनेगा करो?पति या बिजली का बिल जमा न होने संबंधी आने वाली किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को उपलब्ध करायें।



## देश के प्रति समर्पण की कोई उम्र नहीं होती : नीरु ज्ञानी



**ग्वालियर।** देश के प्रति कर्तव्य निभाने एवं समर्पण की कोई उम्र नहीं होती बाल वीरो का बलिदान हमें यही प्रेरणा देता है। मध्य प्रदेश के सभी विद्यार्थी एवं आने वाली पी?ी इस अप्रतिम बलिदान से परिचित हो सकें इस निमित्त बाल वीर सप्ताह का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा। उपरोक्त उदगार पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक श्रीमती नीरु सिंह ज्ञानी ने शासकीय उमावि कन्या शिंदे की छावनी और शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर में बाल वीर सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है मध्यप्रदेश सरकार ने लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से विद्यार्थियो के बीच श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के पूरे परिवार द्वारा दिये गये बलिदान को प्रदेश के विद्यार्थियो के बीच गुँजायमान हो रहा है। उन्होने कहा-शिक्षा का जलाया हुआ दीपक पूरे समाज को रोशन करता है। पंजाबी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा वीर साहिब?ादों पर केन्द्रित तालगुरू प्रोडक्शन द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री एवं सिख फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा इतिहास लेख को अकादमी द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय, को उपलब्ध कराया गया है, जिसका प्रदर्शन प्रदेश भर के सात हजार से अधिक विद्यालयों में किया जाएगा। प्रदेश के विद्यालयों में पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा निबंध प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करने का अवसर मिला है।

# सिद्धार्थ शुक्ला की पुण्यतिथि पर देवोलीना भट्टाचार्जी ने किया याद, बोलीं- सोचकर हंसती हूं कि कैसे फ्लर्ट करते थे






सिद्धार्थ शुक्ला को इस दुनिया से गए एक साल पूरा हो चुका है। उनके चाहनेवालों को आज भी यकीन नहीं होता कि वह इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ के फैन्स अक्सर उन्हें याद करते रहते हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी बिग बॉस 13 के घर में 2019 में सिद्धार्थ के साथ वक्त गुजार चुकी हैं। शो में दोनों के बीच उतार-चढ़ाव देखे गए थे। सिद्धार्थ उनके करीबियों में से एक थे। सिद्धार्थ की डेथ ऐनीवर्सरी पर देवोलीना ने उनको याद किया है।

सिद्धार्थ शुक्ला हमारे बीच नहीं हैं। बीते साल आज (2 सितंबर) ही के दिन जब यह दुखद खबर आई तो किसी को यकीन नहीं हुआ था। उनकी दोस्त देवोलीना ने हमारे सहयोगी हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में बताया, ऐसा लगता है कल की ही बात है। जब भी यह बात मेरे दिमाग में आती है कि वह हमारे बीच नहीं हैं तो मुझे बहुत दुख होता है।

देवोलीना ने सिद्धार्थ को याद करते हुए कहा, वह जेंटलमैन थे। शो में हमारे झगड़े हुए लेकिन दोस्ती रही। शो के बाहर हम बहुत अच्छे दोस्त थे। मैं कभी-कभी सोचकर हंसती हूं कि कैसे वह मेरी टांग खींचते थे, मेरे साथ फ्लर्ट करते थे, घर में मेरे लिए गाना गाते थे। जब मैं शो में घायल हुई तो उन्होंने मेरी देखभाल की थी। सिद्धार्थ के फैन्स ने उनकी विरासत को अभी भी जिंदा रखा है, इस पर देवोलीना बोलती हैं, मुझे लगता है कि यही असली सफलता है। इस तरह की सफलता हर किसी को नहीं मिलती। उम्मीद करती हूं सिद्धार्थ जहां भी हैं, सुकून में होंगे।


# अक्षय की फिल्म को मिले मिक्स रिएक्शन, कोई बोला- शानदार, तो किसी ने बताया बकवास



अक्षय कुमार की फिल्म कठपुतली डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। ट्रेलर देखने के बाद फैंस इस फिल्म को देखने के लिए एक्साइटेड थे। अब फिल्म देखने के बाद यूजर्स ट्विटर पर फिल्म को लेकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। अब तक जो रिस्पॉन्स आ रहा है उसमे फिल्म को मिक्स रिव्यू मिल रहे हैं। कुछ फिल्म की तारीफ कर रहे हैं तो कुछ को यह खास नहीं लगी। तो अगर आप भी फिल्म देखने का प्लान बना रहे हैं तो पहले देख लें ट्विटर रिव्यू।

फिल्म के बारे में बता दें कि इसकी कहानी एक छोटे शहर के पुलिस वाले की है जो कसौली के एक सीरियल किलर को ढूंढ रहा है। ये सीरियल किलर लड़कियों को मारता है। फिल्म में अक्षय अर्जन सेठी नाम के पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं। अर्जुन ने प्रण लिया है कि वह कसौली को इस सीरियल किलर से बचाएंगे। लेकिन ये केस उसके लिए मुश्किल बनता जा रहा है।

# शहनाज संग सिद्धार्थ शुक्ला का आखिरी डांस वीडियो, एक्ट्रेस बोली थी मैं भी दीवानी हो जाऊं



बीते साल सितंबर 2021 में कार्डियक अरेस्ट के चलते सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया था। सिद्धार्थ के यूं अचानक गुजर जाने का किसी को भी यकीन नहीं हुआ था। सिद्धार्थ को आज भी फैन्स याद करते हैं और अक्सर उनसे जुड़े हैशटैग सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी दर्शकों को काफी पसंद थी और प्यार से इन्हें सब सिडनाज कहते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल का आखिरी डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैन्स शेयर कर रहे हैं, और दिवंगत अभिनेता को याद कर रहे हैं।

बता दें कि सिद्धार्थ शुक्ला आखिरी बार वेब सीरीजब्रोकन बट ब्यूटीफुल में नजर आए थे और इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान ही शहनाज गिल के साथ वो डांस दीवाने सीजन शो पर पहुंचे थे। शो में शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला ने खूब मस्ती की थी। वीडियो को शहनाज गिल ने 18 अगस्त 2021 को शेयर किया था और साथ में कैप्शन लिखा था, क्यों न सब दीवानों के साथ थोड़ी मैं बी दीवानी हो जाऊं।

### कपिल शर्मा फैन्स के लिए ला रहे मेगा ब्लॉकबस्टर

# रश्मिका मंदाना और तृषा कृष्णन संग बनी जोड़ी, फैन्स हुए कंफ्यूज




इन दिनों कॉमेडियन व एक्टर कपिल शर्माअलग अलग वजहों को लेकर खबरों में बने हुए हैं। एक ओर जहां वो जल्दी ही द कपिल शर्मा शो के साथ कमबैक करने को तैयार हैं तो दूसरी ओर कृष्णा अभिषेक संग उनके विवाद की अफवाह भी चर्चा में रही और इस बीच कपिल ने फैन्स को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल ने मेगा ब्लॉकबस्टरका ऐलान किया है, जिस में वो रश्मिका मंदाना , कार्थी तृषा कृष्णन रोहित शर्मा के साथ नजर आएंगे।दरअसल सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा, रश्मिका मंदाना, तृषा कृष्णन, रोहित शर्मा और कार्थी ने सोशल मीडिया पोस्ट किया है और मेगा ब्लॉकबस्टरसे अपना लुक रिवील किया है। कपिल शर्मा ने मेगा ब्लॉकबस्टर का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये वाली मेरे फैन्स के लिए... उम्मीद है आपको पसंद आए। इसके साथ ही हैशटैग में बताया गया है कि फिल्म का ट्रेलर 4 सितंबर को रिलीज होगा।

# सलमान खान के शो में हिस्सा लेंगी नुसरत जहां विवादित रही हैं निजी जिंदगी



'बिग बॉस 16' (क्द्धद्दद्द क्ष्ठ्ठ्य 16) को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। सलमान खान का यह शो अगले महीने से शुरू होगा। शो में कौन-कौन से कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे इसकी चर्चा जोरों पर है। फैजल शेख, ट्विंकल कपूर, शिविन नारंग, विवियन डीसेना, मुनव्वर फारूकी के शो में हिस्सा लेने की खबरें हैं। इस बीच लेटेस्ट रिपोर्ट है कि बंगाली अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां शो में हिस्सा ले सकती हैं। 'बिग बॉस' के मेकर्स ने नुसरत को शो के लिए अप्रोच किया है।

**क्या शो में लेंगी हिस्सा**–मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नुसरत अभी इस शो में हिस्सा लेने पर विचार कर रही हैं। मेकर्स और नुसरत ने चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक रूप से इस बारे में कोई जानकारी नहीं आई है। 'बिग बॉस 16' टीवी के विवादित शोज में से है। नुसरत अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अगर वो हिस्सा लेती हैं तो शो काफी रोचक होगा।

निजी जिंदगी को लेकर विवादों में रहीं-बंगाली ब्यूटी नुसरत जहां ने बिजनेसमैन निखिल जैन से तुर्की में शादी की थी। शादी की हर एक रस्म भव्य तरीके से हुई थी। बाद में वो अलग हो गए। नुसरत ने यह कहते हुए चौंकाया था कि उनकी शादी तुर्की में हुई थी तो यह कानूनी रूप से मान्य नहीं है। वो लिव इन रिलेशनशिप में थे। निखिल से अलग होने के बाद नुसरत बंगाली एक्टर यश दासगुप्ता के साथ रिश्ते में हैं। पिछले साल उन्होंने पहले बच्चे को जन्म दिया। उनके बेटे के नाम यिशान है।

**कब से होगा शो का प्रीमियर**–'बिग बॉस 16' का प्रीमियर 8 अक्टूबर से हो सकता है। शो को इस सीजन भी सलमान खान ही होस्ट करेंगे। बताया जा रहा है कि सलमान ने अपनी फीस भी बढ़ाई है।

## अंबानी परिवार के गणेश विसर्जन में जमकर थिरके रणवीर सिंह, साथ में दीपिका पादुकोण भी आईं नजर



गणेशोत्सव के दौरान कई सेलिब्रिटीज के घर से तस्वीरें और वीडियोज सामने आए हैं। उनके घर गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की गई। गुरुवार की शाम को मुकेश अंबानी और उनके परिवार ने गणेश विसर्जन किया। इस दौरान दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। दोनों कलाकार अंबानी के बेटों के साथ फूलों से सजे ट्रक पर बैठे दिखे। जहां रणवीर संगीत की धुन पर थिरके और वहीं दीपिका एक बेंच पर बैठी नजर आईं। कार्यक्रम से दीपिका और रणवीर का एक वीडियो वायरल हुआ है।

व



### संजय कपूर ने दिया था महीप को धोखा

# बोली सब उतना अच्छा नहीं होता जितना लोग समझते हैं

का नया सीजन 2 सितंबर को ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम हो रहा है। शो के नए सीजन को लेकर फैंस काफी उत्साहित है। शो में पहले की तुलना में इस बार ज्यादा ड्रामा , फाइट और शॉकिंग खुलासे देखने को मिलेंगे। महीप कपूर ने शो में अपने निजी जीवन से जु? कई खुलासे किए हैं।

इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में महीप कपूर ने अपने निजी जीवन से जु? कई पहलुओं पर बात की। महीप कपूर ने बताया कि पति संजय कपूर ने उन्हें 25 सालों की शादी के दौरान धोखा दिया है। महीप और संजय कपूर कि शादी साल 1997 में हुई, उनके दो बच्चे शनाया और जहान कपूर है। इंटरव्यू के दौरन महीप कपूर ने बताया कि शो के दौरान अपने निजी जीवन के बारे में बात करना कठिन नहीं था। हम ने लोगों को सच दिखाने का प्रयास किया। हमारी जिंदगी में सब कुछ उतना अच्छा नहीं होता जैसा लोग समझते हैं। उतार-च?ाव हम सभी की जिंदगी का एक हिस्सा है। शो में आप देखेंगे की हम सभी की जिंदगी में कितने इश्यू हैं।



# ऐश्वर्या राय नहीं ये हैं उनकी हमशक्ल यूजर्स बोले- 'सलमान से मिलवाओ'

कई सेलिब्रिटीज के हमशक्ल हैं जिनके वीडियोज सामने आ चुके हैं। शाहरुख खान, सलमान खान, कटरीना कैफ, अनुष्का शर्मा, आलिया भट्ट सहित अन्य हैं। फैन्स सेलिब्रिटीज के हमशक्ल को देखकर धोखा भी खा जाते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जो ऐश्वर्या राय जैसी दिखती हैं। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आशिता सिंह का वीडियो हर तरफ छाया हुआ है। वह हूबहू ऐश्वर्या राय की कॉपी लग रही हैं। आशिता के वीडियोज पहले भी कई बार वायरल हो चुके हैं।

आशिता ने अपने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया है जिसे अभी तक लाखों लोगों ने देख लिया है। आशिता के एक्सप्रेशंस देखने लायक हैं। यूजर्स उन्हें यंग ऐश्वर्या राय कह रहे हैं। तो कुछ ने कमेंट किया कि उन्हें सलमान खान से मिलना चाहिए। गौरतलब है कि आशिता इंस्टाग्राम रील्स में फिल्मों के डायलॉग से लेकर गानों पर लिप सिंक करती दिखती हैं।

एक यूजर ने लिखा, 'ओ माई गॉड, बिल्कुल ऐश्वर्या राय।' एक ने कहा, 'सलमान ढूंढ लेगा अब तुमको कहीं से भी।' एक ने लिखा, 'आधे मिनट तक तो मुझे लगा ये ऐश्वर्या राय ही है।' एक यूजर लिखते है, 'सलमान भाई अब इसको एक मूवी में एक्ट्रेस का रोल देगा और मूवी फ्लॉप हो जाएगी।' एक अन्य ने कहा, 'मैंने सोचा ऐश्वर्या राय है।'

# राज्य युवा नीति के निर्माण हेतु छत्रसाल महाविद्यालय में परिचर्चा का आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

**पन्ना,** मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य युवा नीति के निर्माण हेतु मध्य प्रदेश के युवाओं से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसी आदेश के परिपालन में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कला और विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए वृहत परिचर्चा का आयोजन प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कला संकाय में इस परिचर्चा का विषय था राज्य युवा नीति विविध आयाम। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उषा मिश्रा ने की। कला एवं विज्ञान संकाय में आयोजित इस परिचर्चा में लगभग 120 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ उमा त्रिपाठी, डॉ एसएस राठौर, डॉ एस पी एस परमार, डॉ पी पी मिश्रा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ एसके पटेल, डॉ शिवगोपाल सिंह, डॉक्टर ऋषभदेव साकेत, डॉक्टर श्वेता ताम्रकार ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनय श्रीवास्तव थे। परिचर्चा में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र जयहिंद सिंह राजपूत ने दूरस्थ पर्यटन स्थलों पर लैंग्वेज और गाइडिंग स्किल सिखाई जाने, एनसीसी और एनएसएस के छात्रों को सरकारी नौकरियों में वेटेज देने, ईडब्ल्यूएस वालों को भी कोचिंग हेतु स्कॉलरशिप देने, विभिन्न सरकारी नौकरियों की भर्ती एक निश्चित अंतराल पर निकाली जाने का सुझाव दिया।गयाप्रसाद चौधरी ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु सुझाव व्यक्त किया।संजय सिंघानिया ने युवाओं में एक ऐसा वातावरण विकसित करने हेतु आव्हान किया, जिसमें युवा बिना किसी झिझक और शर्म के अपना रोजगार प्रारंभ कर सके।राहुल सिंगरौल ने प्राध्यापकों की प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।साक्षी बोहट ने समावेशी एवं समतामूलक शिक्षा हेतु व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभाव को समाप्त करने हेतु सुझाव व्यक्त किए।अनामिका त्रिपाठी ने स्थानीय युवाओं की कला पेंटिंग को बढ़ावा देने हेतु सुझाव व्यक्त किया। महाविद्यालय के श्रेष्ठ वक्ता हरिओम सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक जिले को तैराकी(ह्य2द्बद्बद्बठ्ठद) के खेल में एक प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में युवाओं द्वारा बनाए हुए फूड स्टॉल या अन्य पदार्थों के स्टॉल (विद्यार्थी नवाचार मेला) हर 2 माह में लगाए जाएं, इससे युवाओं के अंदर रोजगार शुरू करने में झिझक समाप्त होगी। इस अवसर पर कला और विज्ञान संकाय के अनेक विद्यार्थियों ने राज्य युवा नीति के निर्माण में अपने सुझाव दिए। विनय विश्वकर्मा, रक्षा अर्जरिया, प्रियंका बघेल जय प्रकाश चौधरी, ईश्वरदीन पाल, चंद्रपाल सिंह राजपूत एवं अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने अपने सुझाव व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विनय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## बीच शहर में दुकान से सीसीटीवी कैमरे चोरी

# पुलिस कि निष्क्रियता के चलते एक बार फिर शहर के बीचोबीच चोरी कि वारदात को दिया गया अंजाम




**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर के अस्पताल चौराहे स्थित मानस भवन में एक दुकान जो कि जिम के प्रोडक्ट कि बताई जा रही है उसके बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी होनी कि घटना सामने आ रही है। दुकान संचालक आरिफ द्वारा बताया गया कि रात में चोर द्वारा कैमरे को चुराने का वीडियो सामने आया है जिसकी आखरी सीसीटीवी फुटेज में चोर ने अपनी बुद्धि का प्रयोग करते हुये एवं अपना चेहरा छुपाते हुये इस घटना कों अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज में केवल एक चोर के एक तरफ का थो?ा सा शरीर का हिस्सा एवं एक हाथ कि झलक दिख रही है जिससे प्रतीत होता है कि चोर ने ब?ी ही चालाकी से इस घटना को अंजाम दिया है। दुकान संचालक ने बताया कि आज तो कैमरे चोरी हुये है लेकिन दुकान के अंदर वह लाखों का सामान रखे हुये है जिसे अब वह सुरक्षित नहीं मान रहे है। रिपोर्ट कराने के सम्बन्ध में जब उनसे चर्चा कि तो उनका कहना था कि कोतवाली पुलिस द्वारा केवल आश्वासन देकर मेरा आवेदन लिया गया है रिपोर्ट करने से उन्होंने मना कर दिया है।अब देखना होगा शहर में ब? रहे अपराधों और चोरी कि घटना पर पुलिस कब तक अंकुश लगाती है यह तो आने वाला समय ही बतांएगा।



कैमरे चुराने के बाद लटकती वायर

# कमिश्नर मुकेश शुक्ला ने जनपद पंचायत पथरिया के सीईओ अग्रवाल को किया निलंबित

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में वितरित,सामग्री में गुणवत्ता मिली थी कमी

**दमोह।** संभागायुक्त मुकेश शुक्ला ने पिछले दिनों दमोह जिले के पथरिया जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में वधुओं को न्यून गुणवत्ता की सामग्री वितरित करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशीष अग्रवाल को जांच के बाद निलंबित कर दिया है। जिले की जनपद पंचायत पथरिया में 9 दिसबंर को सम्पन्न मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन के आयोजन में 75 जो?ों का विवाह सम्पन्न हुआ था। सामूहिक विवाह सम्मेलन में वितरित की गई सामग्री की गुणवत्ता संबंधी प्राप्त शिकायत की जाँच निर्देशानुसार जनप्रतिनिधि, हितग्राही, मीडियाकर्मी, जिले के वरिष्ठ अधिकारी तथा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं उपहार सामग्री सप्लायर्स के समक्ष किये जाने पर पाया गया कि जनपद पंचायत में सम्पन्न सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वधु को प्रदान की जाने वाली 10 सामग्रियों में से 3 सामग्री घ?ी, टेबिल फैन, वधु के वस्त्र की गुणवत्ता निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं पाई गई तथा न्यून गुणवत्ता की सामग्री का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की गाईड लाईन की निर्देशिका की कंडिका - 17 के अनुसार कंडिका 7.2 एवं 7.3 में प्रावधान है कि समिति द्वारा वधु को प्रदाय की जा रही सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जावेगी।÷ किन्तु मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,जनपद पंचायत ,पथरिया श्री आशीष अग्रवाल द्वारा योजना के उक्त प्रावधान का अनुपालन किये बिना ही वधुओं को दी गई न्यून गुणवत्ता की सामग्री के फलस्वरूप शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना का क्रियान्वयन समुचित ढंग से नहीं हो सका । साथ ही प्रशासन की छवि भी धूमिल हुई है।आशीष अग्रवाल द्वारा किया गया उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति घोर उदासीनता, कर्तव्य विमुखता, स्वैच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। आशीष अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पथरिया, जिला दमोह को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि में आशीष अग्रवाल का मुख्यालय, कार्यालय जिला पंचायत ,दमोह नियत किया गया है। अग्रवाल की निलंबन अवधि में जनपद पंचायत पथरिया का कार्यभार ग्रहण करने हेतु कलेक्टर यथोचित अधिकारी को निर्देशित करेंगे। निलंबन अवधि में अग्रवाल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## रूस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



ग्वालियर. बीएसएफ अकादमी स्थित रूस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आज तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह संपन्न हुआ।कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी में देश विदेश से पधारे गणित विषय के मूर्धन्य विद्वानों ने अपने शोध पत्र पढ़े जिससे प्रतिभागियों एवं आरजेआई टी के छात्रों को गणित विषय की नवीनतम विधाओं के विषय में उत्तम जानकारी मिली कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतकर्ता युवा शोधार्थी शोधार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर ट्रेड्यूस स्वरोस्की ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगोष्ठी का विषय समसामयिक था और इससे छात्रों को बहुत लाभ होंगे।

# कलेक्टर एसपी ने कृष्णा हाइट एवं मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये



कृष्णा हाईट्स सजा दुल्हन कि तरह



विधायक के साथ कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** आगामी 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होने वाली बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के मुखारविंद से श्री राम कथा आयोजित की जाएगी। जिले के कलेक्टर एवं एसपी ने कथा स्थल का निरीक्षण किया इसके अलावा मेला ग्राउंड एवं जहां गुरु जी के ठहरने की व्यवस्था की गई है कृष्णा हाइट, का निरीक्षण किया। आयोजन को लेकर विशाल पंडाल तैयार किया गया है। साथ ही लाखों लोगों के आगमन को देखते हुए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। निरीक्षण स्थल पर पहुंचे आयोजन समिति के संयोजक विधायक अजय टंडन ने दुकानदारों से मुलाकात की एवं उन्हें दुकानें उपलब्ध कराए जाने के लिए जगह सुनिश्चित की इस दौरान दुकानों के व्यवस्था प्रभारी सतीश जैन कल्लन सहित उनकी टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान अजय टंडन ने कहा कि किसी भी दुकानदार से किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। दुकानदारों के लिए दुकाने पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं। दुकानदारों को स्वयं के उपयोग में की जाने वाली बिजली का बिल एवं जो सामग्री टेंट से दुकानदार लेंगे उसका शुल्क ही उन्हें देना होगा। समिति द्वारा किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अजय टंडन ने बताया कि दुकानदारों को बिजली उपलब्ध हो सके इसके लिए एक लाख रुपए अग्रिम जमा करते हुए अस्थाई मीटर से कनेक्शन लिया गया है, जिससे सभी दुकानदारों को बिजली उपलब्ध कराई जा सके।

**दुल्हन की तरह सजा कृष्णा हाइट्स** –श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के रुकने का स्थान कृष्णा हाइट्स सुनिश्चित किया गया है। जहां पर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री गुरु जी के साथ बागेश्वर धाम से आने वाला 25 लोगों का शिष्य मंडल रुकेगा। वहां पर ठहरने के अलावा भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

**कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण**–कथा स्थल होमगार्ड ग्राउंड पर पहुंचकर कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य एवं पुलिस अधीक्षक डीआर तेनीवार ने निरीक्षण किया। जिन्होंने आयोजन समिति के संरक्षक विधायक अजय टंडन से बातचीत करते हुए सभी तरह की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शोभायात्रा के निर्धारित रूट चार्ट पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जहां पर यातायात विभाग एवं पुलिस स्टाफ को लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कथा स्थल पर भी पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहां की आयोजन स्थल पर आने वाले किसी भी यात्री को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। हालांकि विधायक अजय टंडन ने बताया कि उन्होंने लाखों लोगों के आगमन को देखते हुए तमाम तरह की व्यवस्थाऐं की हैं, जिसमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर लोगों के रुकने की व्यवस्था की है एवं बाहर से आने वाले संतों के रुकने की व भोजन की व्यवस्था रामकुमार स्कूल में की गई है। इसके साथ ही कथा के अंतिम दिवस करीब एक लाख लोगों के भंडारा की व्यवस्था होमगार्ड मैदान के समीप जो खाली जगह पड़ी हुई है वहां पर की जाएगी।


# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा शाकाहारी रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कार्य लगातार जारी


## मैजिक बॉक्स की सहायता से कि गई रेस्टोरेंट में तैयार खाद्य सामग्री एवं कच्ची खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। शहर के घंटाघर क्षेत्र स्थित दावत वेज रेस्टोरेंट एवं बूंदा बहु काम्प्लेक्स स्थित श्री आनंद फैमिली वेज रेस्टोरेंट से मिक्स वेज सब्जी एवं अरहर दाल जीरा फ्राई के नमूनें लिए गए एवं उन नमूनों को जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया जहाँ से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इन पर वैधानिक कार्यवाही कि जाएंगी।कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. संगीता त्रिवेदी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह राकेश अहिरवाल ने कार्यवाही करते हुए दमोह शहर के विभिन्न रेस्टोरेंटों पर निरीक्षण कार्यवाही करते हुये तैयार खाद्य सामग्री/भोजन के नमूनें जांच हेतु लिए हैं। मैजिक बॉक्स की सहायता से अरहर दाल, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला,आटा, मैदा, बेसन आदि की जांच की गई है। सभी रेस्टोरेंट में ?ूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से लगी हुई पाई गई है एवं ?ूड हाइजीन का स्तर अच्छा पाया गया है। सभी रेस्टोरेंट का फोस्कोरिस एप्प की सहायता से ऑनलाइन निरीक्षण किया गया है। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट,पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट,वाटर टेस्ट रिपोर्ट पाए गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478